26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 2 मई, 2026

अंक- 187 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# ट्रम्प बोले-पागलों के हाथ में परमाणु बम नहीं दे सकते!

**वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि वे ईरान को किसी भी हालत में परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे, क्योंकि यह पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। इसी वजह से अमेरिका को ईरान के खिलाफ जंग में उतरना पड़ा। अगर हम ऐसा नहीं करते, तो उनके पास परमाणु हथियार होता और इजराइल, मिडिल ईस्ट और यूरोप तबाह हो जाते। हम ऐसे पागलों के हाथ में परमाणु हथियार नहीं जाने दे सकते। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने मिडिल ईस्ट को एक परमाणु खतरे से बचा लिया है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उन्होंने जंग रोकने के लिए ईरान का ऑफर फिर से ठुकरा दिया है। इससे पहले ईरान 26 और 27 अप्रैल को भी अपना प्रस्ताव भेज चुका है जिसे वे ठुकरा चुके हैं। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक ईरान ने अपने नए प्रस्ताव में परमाणु मुद्दे का जिक्र नहीं किया है, इससे ट्रम्प नाखुश हैं। वहीं ईरान का कहना है कि होर्मुज को तुरंत खोलना चाहिए, परमाणु मुद्दे पर बाद में बातचीत होगी।

## जंग रोकने का ईरानी ऑफर फिर ठुकराया

# देशभर में करोड़ों मोबाइल पर एकसाथ अलर्ट मैसेज आया




**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** देशभर में आज सुबह 11:45 बजे कई मोबाइल फोन पर एकसाथ सायरन की आवाज सुनाई देने लगी। स्क्रीन पर हिंदी-अंग्रेजी में एक मैसेज था। सायरन बंद हुआ तो मोबाइल पर मैसेज पढ़कर भी सुनाया गया। इससे कई लोग परेशान हुए, तो कई कन्फ्यूज। हालांकि सरकार ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। यह मैसेज राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यानी NDMA ने भेजा था, जो इमरजेंसी मोबाइल अलर्ट ट्रायल का हिस्सा है। NDMA ने इमरजेंसी में लोगों तक सूचना पहुंचाने के लिए 2 मई को इस सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया। शनिवार को देश के सभी राज्यों की राजधानियों और दिल्ली एनसीआर में सभी मोबाइल फोन पर एकसाथ टेस्टिंग मैसेज भेजा गया। यह मैसेज हिंदी और अंग्रेजी के साथ सभी क्षेत्रीय भाषाओं में भी भेजा गया। इस मैसेज में लोगों को बताया गया कि यह केवल परीक्षण है और इस पर कोई एक्शन लेने की जरूरत नहीं है।

## प्लॉट बिकाऊ है

एक प्लॉट 236 गज, 40 फीट फ्रंट साहित्य विहार कॉलोनी, नजीबाबाद रोड बिजनौर वर्धमान कॉलेज के सामने बिकाऊ है। केवल वास्तविक खरीदार ही सम्पर्क करें।

नोट- प्लॉट आधा-आधा भी ले सकते हैं।

सम्पर्क करें-
मो. 8003090447



## महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

## अध्यापिकाओं की आवश्यकता

बाल विद्या निकेतन (जूनियर हाईस्कूल) नई बस्ती, बिजनौर के लिये गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी की अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थिनी चार मई 2026 सोमवार की सुबह 9 बजे अपने व्यय पर विद्यालय प्रांगण (करबला के पास) में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों।

डॉ. ओ.पी. गुप्ता
प्रबंधक
8447871425

पूनम त्यागी
मुख्य अध्यापिका
8958254011

## हरियाणा में धोखाधड़ी के आरोपी आलोक कुमार को प्रत्यर्पित कर देश लेकर आई सीबीआई

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को हरियाणा में धोखाधड़ी और जालसाजी जैसे मामलों में वांछित आरोपी आलोक कुमार उर्फ यशपाल सिंह को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पण कर यहां लाने में सफलता मिली है। सीबीआई ने शनिवार को बताया कि इस आरोपी को शुक्रवार को मुंबई लाया गया जहां हरियाणा पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सीबीआई ने कहा है कि उसे विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के समन्वय से रेड नोटिस जारी अभियुक्त आलोक कुमार उर्फ यशपाल सिंह को यूएई से भारत प्रत्यर्पित कराने में सफलता मिली है। उक्त अभियुक्त हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले में वांछित था, जिसमें धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश तथा जाली दस्तावेजों के माध्यम से धोखाधड़ीपूर्वक पासपोर्ट प्राप्त करने जैसे अपराध शामिल हैं।

## देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

- रशिया
- जॉर्जिया
- कजाखस्तान
- किर्गिज़स्तान
- उज्बेकिस्तान
- बांग्लादेश
- नेपाल
- चाइना
- ईरान
- इजिप्ट
- यू.के.
- कनाडा
- यू.एस.ए.

और भी देशों से

अनुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020

M.B.B.S. ABROAD

Since 2010

M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS
Abroad Admission & Counselling For India

- Top Govt. Universities.
- MCI, WHO Approved Universities.
- Indian Hostel & Mess Available.
- Lowest Price Packages.
- Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है

471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुए (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

## बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE



इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती



डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# डेरे से दूध लेने गई महिला को जंगली हाथी ने पटककर मार डाला

## ग्रामीणों ने वन विभाग की लापरवाही से घटना बताई



**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम रामपुर चाठा में दूध लेने गयी महिला पर हाथी ने हमला कर दिया जिससे महिला की मौके पर मौत हो गयी। रामपुर चाठा निवासी ब्रह्मवती (35वर्ष) पत्नी सुरेन्द्र कुमार रोजाना की तरह कालू के डेरे से दूध लेने गयी थी। काफी समय बीतने के बाद महिला घर वापस नहीं पहुंची। जिसके बाद परिजनों ने महिला की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान खेतों में काम करने जा रहे किसानों ने वहां एक महिला का शव पड़ा देखा। शव के पास हाथी के पैर के निशान मिले। सूचना मिलते ही महिला के परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना पर वन दरोगा योगेश कुमार व भागूवाला पुलिस चौकी इंचार्ज संजय कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणो ने वन विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ दिन पहले भी एक व्यक्ति पर हाथी द्वारा हमला किया गया था। विभाग द्वारा इस घटना के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। समय रहते अगर कोई ठोस कदम उठाया जाता तो हाथी के हमले से महिला की मौत नहीं होती। आए दिन गांव के आसपास जंगल से निकलकर हाथी आते रहते हैं। उप प्रभागीय वन अधिकारी द्वारा ग्रामीणों को फोन पर हाथियों की रोकथाम के लिए आवयश्क कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने विभाग के द्वारा मृतक महिला के परिजनों को मुआवजा दिलाने की बात भी कही। इसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। बाद में पुलिस के द्वारा मृतक महिला का शव सीलकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# तालिब बंधुओं की जमानत याचिका पर सुनवाई 4 को

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय में तालिब खालिद बंधुओं की जमानत याचिका पर कल भी सुनवाई नहीं हो पाई,अब 4 मई को सुनवाई होगी। शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी,लेकिन अभियोजन पक्ष जिला शासकीय अधिवक्ता वरुण राजपूत ने न्यायालय में प्रार्थना-पत्र दिया कि केस डायरी अधूरी है,जिस कारण बहस होना असंभव है। जिस पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजय कुमार ने प्रार्थना पत्र पर विचार करते हुए सुनवाई 4 मई तक के लिए स्थगित कर दी है। और इस पत्रावली पर बहस के लिए अपर जिला जज अलका पांडे के न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया। अब इस मामले की सुनवाई 4 मई को न्यायाधीश अलका पांडे करेंगी। इसके अलावा न्यायालय में शेरकोट थाने में दर्ज़ एक अन्य मामले में भी तालिब के अधिवक्ता ने रिमांड पर बहस की गई थी,जिसमें न्यायालय में तालिब के अधिवक्ता ने बहस कर बताया कि यह केस दीवानी प्रकृति का है, इसमें थाने में जो रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, वह सही नहीं है, इसलिए फौजदारी केस नहीं बनता। इस मामले में दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात न्यायाधीश ने तालिब के प्रार्थना-पत्र को निरस्त कर दिया था।अब उस केस में भी जमानत करनी पड़ेगी।

# हर ब्लॉक में लगेंगे दिव्यांगजनों के लिए नि:शुल्क सहायक उपकरण शिविर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में दिव्यांगजनों के लिए एक बड़ी राहत भरी पहल सामने आई है। उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से अब जिले के प्रत्येक विकास खंड में नि:शुल्क सहायक उपकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी डीके फाउंडेशन ऑफ़ फ्रीडम एंड जस्टिस टीम के जिला कार्यकारिणी सदस्य आसिफ कुरैशी ने दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत विभिन्न विकास खंडों में 'चिन्हांकन शिविर' लगाए जाएंगे, जहां विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों की जांच कर उनकी आवश्यकता के अनुसार कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर, बैसाखी सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पंजीकरण किया जाएगा। इससे उन जरूरतमंद लोगों को सीधा लाभ मिलेगा जो अब तक संसाधनों के अभाव में वंचित रह जाते थे। शिविरों का आयोजन प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार 30 अप्रैल को नजीबाबाद, 02 मई को किरतपुर, 05 मई को स्योहारा, 06 मई को हल्दौर, 07 मई को अल्लहापुर व भागूवाला, 08 मई को मोहम्मदपुर देवमल (सीएमओ कार्यालय परिसर, बिजनौर), 12 मई को नूरपुर, 13 मई को अफजलगढ़, 14 मई को जलीलपुर, 15 मई को नहटौर तथा 16 मई को कोतवाली विकास खंड मुख्यालय पर शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच की जाएगी तथा दिव्यांगजनों की जरूरत के अनुसार उपयुक्त सहायक उपकरणों का चयन कर उनका नि:शुल्क पंजीकरण किया जाएगा। इसके बाद उपकरण वितरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। आसिफ कुरैशी ने जनपदवासियों से अपील की है कि इस जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि कोई भी जरूरतमंद दिव्यांगजन इस योजना के लाभ से वंचित न रह सके। उन्होंने कहा कि यह पहल दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# एक्शन-टेसा ने कारपेंटर के साथ की मेगा मीट



**बिजनौर ( चिंगारी )।** एक्शन-टेसा जो भारत में एमडीएफ, एचडीएचएमआर, वोयलो और पार्टिकल बोर्ड जैसे इंजीनियर्ड पैनल उत्पादों का सबसे बड़ा निर्माता और लकड़ी पैनल उद्योग में अग्रणी है, ने देशव्यापी उत्सवों की एक श्रृंखला के साथ मेगा कारपेंटर्स मीट का आयोजन बिजनौर में किया। मीटिंग में ब्रांच मैनेजर प्रदीप शर्मा, सीनियर एरिया मैनेजर अतुल शर्मा, दीपक अरोड़ा ,होशियार सिंह , नितिन, रविंदर, सत्येंद्र,सेल्स टीम ने सभी कारपेंटर्स का स्वागत किया। ब्रांच मैनेजर प्रदीप शर्मा द्वारा कंपनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कंपनी द्वारा तैयार किये जा रहे विभिन्न उत्पादन के विषय में समझाया गया। लकी ड्रा में प्रथम, द्वितीय , तृतीय व चतुर्थ स्थान पर आने वाले कार्पेंटरों को उनके द्वारा सम्मानित किया गया। एरिया मैनेजर अतुल शर्मा ने इस मौके पर कहा कि यह आयोजन उन कारपेंटर्स के अमूल्य योगदान की मान्यता देने के लिए समर्पित है, जिनकी कारीगरी देश भर के अनगिनत घरों और व्यवसायों में सुंदरता और कार्यक्षमता लाती है। मेगा मीट के आयोजन के माध्यम से एक्शन टेसा ने इस अवसर पर विडियो मैसेज के द्वारा कारपेंटर्स के प्रति अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि कारपेंटर्स इंजीनियर्ड लकड़ी उद्योग की रीढ़ है और उनको कुशलता और रचनात्मकता के प्रति आभार प्रकट किया। कंपनी काफी लंबे समय से इन मीट्स के माध्यम से कारपेंटर्स के साथ निकटता से काम कर रही है, उन्हें मूल्यवान जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान कर रही है, जिससे ब्रांड और लकड़ी के काम-काज उद्योग के साथ उनका संबंध और भी मजबूत हो रहा है।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

## संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मौहम्मद हारिस गलत संगत में पड़ जाने के कारण मेरा कहना नहीं मानता। इसलिए मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। यदि कोई उससे किसी प्रकार का लेनदेन करता है तो इसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**-विकार अहमद (पिता) पुत्र फजलुर्रहमान निवासी मौहल्ला बन्दूकचियान, निकट जुबैदा मस्जिद , अहमद अली रोड, धामपुर**

तालिब बंधुओं की जमानत याचिका पर सुनवाई 4 मई को (पेज 2)



# बिजनौर शुगर मिल ने मजदूर दिवस पर कई मजदूरों को नौकरी से निकाला!

**बिजनौर (चिंगारी)।** जहां एक ओर पहली मई को पूरे भारतवर्ष में मजदूर दिवस पर सभी कारखानों में अपने कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, वहीं बिजनौर की वेव शुगर मिल ने वर्षो से कंपनी की सेवा कर रहे अनेक कर्मचारियों को सीजनल दिखाकर 1 मई को 'पेड ऑफ़' कर घर का रास्ता दिखा दिया, जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है।

नाम न छापने की शर्त पर कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि हम पेराई सत्र के

## सीजनल दर्शाकर 'पेड ऑफ' किया

दौरान कोहरे और भीषण ठण्ड में 24 घंटे शुगर मिल में मेहनत से कार्य करते हैं। पिछले कई वर्षों से लगातार शुगर मिल में काम कर रहे हैं। इस बार कम्पनी द्वारा 1 मई को अधिकतर कर्मचारियों को पेड ऑफ कर दिया गया। छंटनी की लिस्ट देखकर कर्मचारियों के होश उड़ गये।

कर्मचारियों ने इस बाबत जल्द ही प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, श्रम मंत्री और श्रम आयुक्त को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपने की बात कही है तथा फैक्ट्री गेट पर तालाबंदी कर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी भी मिल प्रशासन को दी है। उधर, मिल के मैनेजर (एचआर) मोहित शर्मा ने बताया कि किसी भी रेगुलर कर्मचारी को नहीं निकाला गया है।

## राष्ट्रगान के दौरान दौड़ते युवक का वीडियो वायरल, कार्रवाई की मांग



**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर के नेहरू स्टेडियम में शनिवार सुबह एक घटना ने लोगों का ध्यान आकर्षित कर किया। सुबह लगभग 6 बजे स्टेडियम परिसर में मौजूद खिलाड़ियों और मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों द्वारा सार्वजनिक रूप से राष्ट्रगान गाया जा रहा था। इस दौरान वहां उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के सम्मान में रुककर भागीदारी की। इसी बीच एक युवक स्टेडियम ग्राउंड में दौड़ लगा रहा था। मौके पर मौजूद देशराज सिंह, अमित चौधरी, कुलदीप राजवंश एडवोकेट, राजीव एडवोकेट, करन सिंह गुरु जी तथा आदेश दाहिमा उर्फ मोनू गुज्जर एडवोकेट सहित अन्य लोगों ने उसे राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े होने के लिए कहा। हालांकि, युवक ने उनकी बात अनसुनी करते हुए दौड़ जारी रखी। घटना के दौरान स्टेडियम में मौजूद कुछ लोगों ने उसका वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि संबंधित युवक एक पुलिसकर्मी है और वर्तमान में बिजनौर शहर में ही तैनात है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## दौरा पड़ने से तालाब में गिरा युवक, मौत

मंडावर (चिंगारी)। पशुओं के लिए घास काटते समय एक युवक दौरा पड़ने से तालाब में जा गिरा। वहां डूबने से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मामले में पुलिस कार्यवाही करने से इंकार कर दिया। ग्राम खानपुर माधो उर्फ तिमरपुर निवासी दिनेश सिंह का 22 वर्षीय पुत्र विनीत कुमार शुक्रवार को सुबह पशुओं के लिए घास काटने गया था। वह दोपहर तक घर नहीं लौटा तो परिजनों व ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों को विनीत की दरांती और बोरी तालाब के पास पड़ी दिखाई दी। परिजनों ने तालाब में तलाश की तो विनीत का शव मिला। परिजनों ने बताया कि विनीत को दौरे पड़ते थे। घास काटते हुए भी उसे दौरा पड़ गया होगा, जिससे वह तालाब में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई।

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी ...

## अवैध खनन और पर्यावरण

पिछले दिनों यह खबर सभी को हिला गयी कि हिमालय की पृष्ठभूमि में मीलों तक फैली अरावली की पहाड़ियां बुरी तरह अवैध उत्खनन की शिकार हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा तीखी टिप्पणियों के बाद इसमें कुछ कमी तो आयी है, पर एक अरावली ही नहीं, देश की अधिकतर नदियां और पथरीले स्थान पूरी तरह आज भी अवैध उत्खनन के शिकार हैं। भले ही ऐसी कई समस्याएं और सवाल विस्फोटक दौर में पहुंच चुके हो, जिनके लिए हमें और भावी पीढ़ियों को भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है, परन्तु उनके उन्मूलन के प्रति जो सतर्कता हमें बरतनी चाहिए, उसका दूर-दूर तक अभाव है। पर्यावरण एक ऐसा मुद्दा है, जिस पर चर्चाएं तो बहुत होती हैं, परन्तु इसे प्रदूषण मुक्त करने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है। दरअसल, रोटी कपड़ा और मकान के संकट से जूझते एक आम भारतीय के लिए पर्यावरण या उससे होने वाला नुकसान अभी भी कोई मुद्दा नहीं है, और जिनके ऊपर यह जिम्मेदारी है, वे आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हैं और उनकी आंखों पर पैसों की पटटी बंधी है। लिहाजा उन्हें न वर्तमान नजर आ रहा है और न भविष्य दिखायी दे रहा है। वनों के साथ-साथ नदियों का अवैध उत्खनन आज चरम पर है। पत्थर व बालू खनन एक ऐसा ही मामला है जो हमें महज एक कानूनी मसला लगता है। बालू के अवैध खनन के पीछे एक बड़ा कारण इसका भारी होना भी है, जिसके कारण बालू को दूर तक ले जाना मुश्किल होता है। इसलिए निर्माण कंपनियां आसपास के इलाकों से बालू निकालने को प्राथमिकता देती हैं। बालू का इस्तेमाल कंक्रीट में मिलाने और ईंटें बनाने के लिए किया जाता है। हालांकि सरकार ने बालू खनन के लिए लाइसेंस की व्यवस्था की है, पर मांग बहुत ज्यादा है, जिससे लाइसेंस व्यवस्था को लगातार अनदेखा कर अवैध खनन को बढ़ावा मिलता है। बगैर ज्यादा लागत के ये बहुत मुनाफे वाला क्षेत्र है लेकिन अंधाधुंध और अनियंत्रित उत्खनन से नदी के किनारों की कटान होती है, जिसका परिणाम जैव विविधता के नुकसान के रूप में सामने आता है। इसी के साथ भारत की गिनती उन देशों में सबसे ऊपर है, जहां सबसे ज्यादा पेड़ काटे जाते हैं। पर्यावरण के मामले में आने वाला समय कितना भयावह होगा, इसकी चेतावनी संगठनों की ओर से बार-बार दी जाती है, लेकिन हम जागरूक नहीं हो रहे, सिस्टम तो अंधा, बहरा और गूंगा है ही।

# खेला होवे... मोदी जीतेंगे या दीदी भारी

# एग्जिट पोल से उलझी कहानी

**एग्जिट पोल्स के अनुमान चाहे जो भी हों, अंतिम परिणाम तो 'ईश्वर' स्वरूप जनता के हाथ में ही है। बंगाल की जनता ने अपना निर्णय सुना दिया है, जो फिलहाल मशीनों में सुरक्षित है। जीत किसी भी पक्ष की हो, लेकिन इस चुनाव ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बंगाल की राजनीति अब पूरी तरह से द्वि-ध्रुवीय हो चुकी है। यह चुनाव बंगाल के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। जहां भाजपा एक नये युग की शुरुआत के प्रति आशान्वित है, वहीं तृणमूल कांग्रेस अपनी विरासत को विस्तार देने के लिए दृढ़ संकल्पित है।**

**-पवन वर्मा**

राजनीति की उर्वर धरा पश्चिम बंगाल में 'खेला होवे' की गूंज न सुनाई दे, तब तक चुनावी उत्सव अधूरा सा प्रतीत होता है। 2026 के विधानसभा चुनाव भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण कालखंडों में से एक के रूप में दर्ज हो चुके हैं। यह चुनाव केवल संख्या बल की लड़ाई नहीं थी, बल्कि यह बंगाल की भविष्यगामी दृष्टि और दो विपरीत राजनीतिक ध्रुवों के बीच एक निर्णायक संघर्ष था। जैसे ही मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई, चुनावी 'आमोद-प्रमोद' में डूबे बंगाल की नज़रें उन एग्जिट पोल्स पर आकर टिक गई हैं, जो राज्य की अगली सरकार की धुंधली सी तस्वीर पेश कर रहे हैं। मतदाताओं ने इस बार जिस प्रकार अभूतपूर्व उत्साह के साथ मतदान केंद्रों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, वह वाकई असाधारण है।

### 'नूतन बांगलार' का स्वप्न और राष्ट्रीय आह्वान

भारतीय जनता पार्टी ने इस पूरे चुनाव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और उनकी नेतृत्व क्षमता के इर्द-गिर्द केंद्रित रखा। भाजपा की रणनीति स्पष्ट थी कि 'पोरिबोर्तन' (परिवर्तन) के संकल्प के साथ बंगाल को एक नई पहचान दिलाना। प्रधानमंत्री की सभाओं में उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण था कि राज्य का एक वर्ग 'नूतन बांगलार' (नये बंगाल) के विचार से प्रभावित है।



भाजपा का मुख्य विमर्श शासन की कार्यशैली में पारदर्शिता और प्रशासनिक सुधारों पर आधारित रहा। पार्टी ने केंद्रीय स्तर पर जारी नीतियों और बंगाल की क्षेत्रीय आवश्यकताओं के बीच एक सामंजस्य स्थापित करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री के चेहरे पर लड़ा गया यह चुनाव इस बात का प्रतीक था कि भाजपा बंगाल को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कितनी 'तत्पर' है। उनके समर्थकों के लिए यह केवल चुनाव नहीं, बल्कि विकास की एक नई 'जागृति' थी।

### क्षेत्रीय अस्मिता और 'मां-माटी-मानुष' की रक्षा

दूसरी तरफ, तृणमूल कांग्रेस का संपूर्ण चुनावी अभियान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के संघर्ष और उनके व्यक्तित्व के इर्द-गिर्द बुना गया। ममता बनर्जी ने इस चुनाव में एक ऐसी राजनेता की भूमिका निभाई, जो अपनी मिट्टी और अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए 'एकला चोलो' की नीति पर अडिग खड़ी है। उनकी तरफ से प्रचारित हुआ कि ये चुनाव केवल सत्ता बचाने की चुनौती नहीं थी, बल्कि बंगाल की स्वायत्तता और बंगाली गौरव को अक्षुण्ण रखने की लड़ाई है।

तृणमूल कांग्रेस ने अपने प्रचार तंत्र को क्षेत्रीय संवेदनाओं और जन-सरोकारों से जोड़कर रखा। ममता बनर्जी ने अपने भाषणों में निरंतरता, संघर्ष और बंगाल के सामाजिक ताने-बाने को बनाए रखने की अपील प्रमुखता से की। उन्होंने राज्य के हर क्षेत्र के साथ अपना जो जुड़ाव बनाया है, उसी विश्वास की पूंजी के साथ वे इस चुनावी रण में उतरीं थीं। उनके समर्थकों के लिए वे केवल एक मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि बंगाल के हितों की सबसे प्रखर आवाज बनी रहीं।

### ऐतिहासिक मतदान : एक 'विराट' जन-भागीदारी

बंगाल ने एक बार फिर सिद्ध किया कि लोकतंत्र की जड़ें यहां कितनी गहरी हैं। मतदान के प्रतिशत ने जिस प्रकार ऐतिहासिक आंकड़ों को छुआ, वह यह दर्शाता है कि राज्य का प्रत्येक वर्ग, चाहे वह प्रथम बार का युवा मतदाता हो या अनुभव की थाती समेटे वृद्ध, अपने मत की कीमत समझता है। यह 'विराट' जनभागीदारी किसी बड़े राजनीतिक उलटफेर की आहट भी हो सकती है और वर्तमान व्यवस्था के प्रति गहन विश्वास की अभिव्यक्ति भी। इतनी बड़ी संख्या में लोगों का बाहर निकलना यह संदेश देता है कि जनता अब केवल मूक दर्शक नहीं है। इस 'जन-सृष्टि' ने चुनावी विश्लेषकों को भी अचंभित कर दिया है, क्योंकि बंगाल की राजनीति में 'मौन मतदाता' का व्यवहार अक्सर बड़े-बड़े अनुमानों को 'धुलिसात' कर देता है।

### एग्जिट पोल्स का 'जटिल' गणित

विभिन्न न्यूज़ चैनलों और सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा जारी एग्जिट पोल्स ने राज्य के राजनीतिक समीकरण को और अधिक 'रोमांचक' बना दिया है। आंकड़ों के अनुसार परिवर्तन की संभावना है और अधिकांश सर्वेक्षण भाजपा को स्पष्ट बढ़त या बहुमत के अत्यंत निकट दिखा रहे हैं। सभी एग्जिट पोल के आंकड़ों के अनुसार भाजपा 95 से 208 के मध्य सीटें प्राप्त कर सकती है। यदि ये आंकड़े सच साबित होते हैं तो यह निश्चित है कि प्रधानमंत्री मोदी की अपील ने बंगाल के हृदय स्थल में अपनी जगह बनाई है। वहीं, कुछ दूसरे विश्वसनीय सर्वेक्षणों का मानना है कि टीएमसी अपनी जड़ों को बचाए रखने में इस बार कठिन दौर से गुजर रही है और वह 85 से 189 सीटों के बीच रह सकती है। यदि इन सभी अनुमानों का औसत देखा जाए, तो मुकाबला 2026 के इस चुनाव को अत्यंत संघर्षपूर्ण बना रहा है।

### जनादेश का सम्मान और भविष्य की राह

एग्जिट पोल्स के अनुमान चाहे जो भी हों, अंतिम परिणाम तो 'ईश्वर' स्वरूप जनता के हाथ में ही है। बंगाल की जनता ने अपना निर्णय सुना दिया है, जो फिलहाल मशीनों में सुरक्षित है। जीत किसी भी पक्ष की हो, लेकिन इस चुनाव ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बंगाल की राजनीति अब पूरी तरह से द्वि-ध्रुवीय हो चुकी है। यह चुनाव बंगाल के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। जहां भाजपा एक नये युग की शुरुआत के प्रति आशान्वित है, वहीं तृणमूल कांग्रेस अपनी विरासत को विस्तार देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। अब सभी की प्रतीक्षा की घड़ियां उस दिन समाप्त होंगी, जब मतपेटियां खुलेंगी और बंगाल के भविष्य का नया सूरज उगेगा। यह तो तय है कि विजय लोकतंत्र की ही होगी, क्योंकि बंगाल के सजग मतदाताओं ने अपनी सक्रियता से यह सुनिश्चित किया है कि 'सत्ता' का मार्ग केवल और केवल जनमत से होकर ही गुजरता है।

(विनायक फीचर्स)

# हल्दौर में चोरों के इरादे बुलंद घटनाएं आखिर कब होंगी बंद?

हल्दौर (चिंगारी)। थाना क्षेत्र में पिछले दिनों लगातार तीन दिनों में चार जगहों पर हुई चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासी चिंतित हैं। पुलिस अभी तक लगातार हो रही चोरियों को रोकने व उनका खुलासा करने में नाकाम साबित हुई हैं। थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से चोरों के हौसले बुलंद हैं। बेखौफ चोर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए लगातार चोरी की घटनाओं का अंजाम देने में लगे हुए हैं। पिछले तीन दिनों में चोरों ने चार जगहों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर वहां से लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। गत रविवार को चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए बिजनौर मार्ग पर ग्राम नवादा के पास स्थित एक बैंकट हॉल पर धावा बोलकर बैंक्विट हॉल के जनरेटर का सामान चुरा लिया। चोरी की घटना बैंकट हॉल के सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गई। कैमरो में चार अज्ञात चोर मुंह पर कपड़ा बांधे हुए सामान चोरी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके ठीक अगले दिन सोमवार की रात्रि चोरों ने नूरपुर मार्ग पर स्थित भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व नगर पालिका परिषद नामित सभासद दीपक चौहान उर्फ चानू की गाड़ियो की वर्कशॉप के शटर के ताले तोड़कर वहां से बैटरा, वर्कशॉप के कीमती टूल्स व सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर चोरी कर ली थी। उसी रात चोरों ने वर्कशाप के पास ही स्थित सोनू सिद्दीकी के स्विमिंग पूल के जनरेटर का अल्टीनेटर भी चोरी कर लिया। इसके अगले दिन और लगातार तीसरे दिन चोरों ने चोरियों की घटना को अंजाम देते हुए वर्कशॉप के पास ही स्थित ग्राम छजुपुरा निवासी कैफ की ब्लैक रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जो रात्रि में उसके घर के बाहर ही खड़ी थी उसे भी चुरा लिया। उक्त तीनों व्यक्तियों द्वारा उनके यहां हुई चोरी की घटनाओं की तहरीर थाना पुलिस को दे दी गई हैं। इससे पूर्व भी चोर भाजपा नेता व नगर पालिका परिषद के सभासद वरुण अग्रवाल के ब्लॉक कार्यालय के पास स्थित वेंकट हॉल से भी जनरेटर का सामान व कीमती तार चोरी कर चुके हैं। इसके अलावा नगर के मुख्य बाजार टाट मोहरा पर स्थित धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ दिन्ने की दुकान के शटर के ताले तोड़कर गल्ले में रखी लाखो रुपए की नगदी व इनवर्टर का बैठरा चोरी हो चुका हैं। लगातार हो रही चोर की घटनाओं से क्षेत्रवासी चिंतित है और उनमें रोष व्याप्त हैं साथ ही वह अपने आप को असुरक्षित भी महसूस कर रहे हैं। क्षेत्रवासियो ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर से थाना क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगवाने और उनका शीघ्र खुलासा करवाने तथा रात्रि गश्त बढ़ाये जाने की मांग की है।

# कॉम्पलेक्स की भेंट चढ़ा बूढ़ा बरगद

## बिजनौर में है कोई पेड़ों को बचाने वाला?

बिजनौर (चिंगारी)। 'कटकर जो गिर पड़ा, कई पंछियों का आशियाना था इस बूढ़े शजर में'। स्टेशन रोड पर खड़ा बेहद घना पुराना लगभग 30–40 फुट लम्बा व व्यास वाला वटवृक्ष निजी स्वार्थों की पूर्ति के चलते काट दिया गया। पेड़ पर चले आरे के निशान देखकर संवेदनशील लोग अत्यंत आक्रोशित व दुखी हैं। उनका कहना है कि इस रोड पर यहीं एक मात्र वटवृक्ष था, जो लोगों को अपनी छांव से नवाजकर उन्हें ठंडक पहुंचाता था। सुहागिनों के पर्व बड़मावस पर अनेक लोग पूजन के लिये उसकी टहनियां घर ले जाते थे। कई पंछियों का घर भी था इसमें।



इसका कसूर सिर्फ इतना था कि यह अभी हाल ही में बने भव्य कॉम्पलेक्स के आड़े आ रहा था। प्रतिष्ठान स्वामी ने अपने फायदे के लिये पर्यावरण का बड़ा नुकसान कर दिया। लोगों का यह भी कहना है कि वन विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ से नगर में हरे–भरे पेड़ों का प्रतिदिन अवैध कटान किया जा रहा है। लेकिन कोई सुनने व देखने वाला नहीं है। यही हाल रहा तो जमीन बिल्कुल गंजी हो जायेगी और आने वाली पीढ़ी स्वच्छ हवा व सांसों के लिये तरस जायेगी। पेड़ों को काटना विकास नहीं, बल्कि महाविनाश लीला है। अब वक्त आ गया है कि जनआंदोलन के द्वारा हरे भरे पेड़ों के कटान पर तुरंत रोक लगायी जाये।



# आयशा जावेद ने रोशन किया परिवार व बढ़ापुर का नाम

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** आज़ाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं स्टार प्रचारक जावेद अख्तर एडवोकेट की बेटी आयशा जावेद ने आईसीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उत्तराखंड के देहरादून स्थित प्रमुख शिक्षण संस्थान सेंट ज्यूट्स स्कूल में हाई स्कूल की छात्रा आयशा जावेद ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए आईसीएसई बोर्ड की दसवीं के रिजल्ट में स्कूल की टॉपर लिस्ट में स्थान प्राप्त किया है। आयशा जावेद की इस उल्लेखनीय सफलता से परिवार में हर्ष का माहौल है तथा क्षेत्रवासी बिटिया और उनके परिवार को बधाई दे रहे हैं। आयशा जावेद की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से अभिभूत उनके पिता जावेद अख़्तर एडवोकेट गर्व महसूस करते हुए बताते हैं कि शिक्षा हो या कोई अन्य प्रतिस्पर्धी क्षेत्र हर क्षेत्र में बेटियां अव्वल साबित हो रही हैं। उनकी बिटिया ने भी कड़ी मेहनत से यह साबित कर दिखाया है। आयशा की इस सफलता से उन्हें बेटी की शिक्षा के प्रति लगन व मेहनत पर नाज़ है।

# सेंट जोसफ स्कूल, बिजनौर के पहले बैच ने किया शानदार प्रदर्शन



बिजनौर (चिंगारी)। सेंट जोसफ स्कूल, बिजनौर ने अपनी पहली बैच (2025–26) के बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल प्रबंधन ने टॉपर्स की सूची जारी करते हुए सभी सफल छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल के पहले बैच में मानसपुरी गोस्वामी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर पार्थ कौशिक, आयशा और रुद्र कुमार ने 96प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। छात्र–छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल की बेहतर शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपने अथक परिश्रम को दिया। स्कूल के मैनेजर रेवरेंड फादर जैम्स और प्रिंसिपल रेवरेंड सिस्टर शाइनी थॉमस ने कहा, यह हमारे स्कूल का पहला बैच है। इतने उत्कृष्ट परिणाम देखकर हम बेहद प्रसन्न हैं।


## कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर।

### पुनः ई–ऑक्शन/नीलामी सूचना

जनपद बिजनौर के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत / संचालित दुकानात / व्यवसायों को नियन्त्रित एवं विनियमित करने के उद्देश्य से प्रभावी / प्रचलित उपविधियोंनुसार जनपद बिजनौर के समस्त विकास खण्डों के लाइसेंस शुल्क वसूली ठेके को E-Auction में के माध्यम से पत्रांक–1719/जि.पं./2025–26 दिनांक 25–03–2026 के द्वारा आमन्त्रित किया गया था। जिसमें जनपद के 11 विकास खण्डों में से 04 विकास खण्डों (मौ.पुर देवमल, हल्दौर, नहटौर व धामपुर) पर नियमानुसार बिड प्राप्त हुई है एवं शेष 07 विकास खण्डों की E-Auction में के माध्यम से पुनः ई–ऑक्शन / नीलामी आमन्त्रित की जाती है। ई–ऑक्शन / नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार/संस्था इत्यादि को E-Auction की निम्नलिखित शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा।

तत्सम्बंधी उपविधियोंनुसार E-Auction किये जाने वाले लाइसेंस शुल्क वसूली ठेके की अवधि अनुबन्ध की तिथि से दिनांक 31–03–2027 तक के लिए ही होगी। उपरोक्त लाइसेंस शुल्क वसूली ठेके वसूली सम्बधी ठेका/नीलामी हेतु ई–आक्शन पोर्टल http://eauction.gov.in पर ई–नीलामी हेतु प्रतिभाग किया जा सकता है। ई–नीलामी की समय सारिणी का विवरण निम्नवत है–

| क्र. सं. | गतिविधि | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | दस्तावेज अपलोड/भुगतान करने की अंतिम तिथि | 12.05.2026 | पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| 2 . | दस्तावेजों के तकनीकी परीक्षण की प्रारम्भ तिथि | 12-05 2026 | मध्यान्ह 12:00 बजे से |
| 3. | दस्तावेजों के तकनीकी परीक्षण की अन्तिम तिथि | 13.05.2026 | सांय 05:00 बजे तक |
| 4. | ई–नीलामी की प्रारम्भ तिथि | 13.05.2026 | सांय 05:00 बजे से |
| 5. | ई–नीलामी की अंतिम तिथि | 14.05.2026 | साय 03:00 बजे तक |

ई–नीलामी फार्म दिनांक 12.05.2026 के पूर्वान्ह 11:00 बजे तक जिला पंचायत की जिला निधि खाता संख्या–50100182826670 IFSC Code-HDFC0000863 में जमा कर आनलाइन http://eauction.gov.in पर ही Submit किया जा सकेगा। ई–नीलामी फार्म का मूल्य Rs–1,000–00+GST 18% सहित Rs 1,180.00 उक्त ई–नीलामी की तकनीकी बिड का परीक्षण जिला पंचायत कार्यालय में दिनांक 12.05.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे से आनलाइन नीलामी समिति की उपस्थिति में किया जायेगा तथा नीलामीदाताओं की वित्तीय बिड दिनांक 14.05.2026 की सांय 03:00 बजे से नीलामी समिति की उपस्थिति में नीलामीदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उपरोक्त ई–ऑक्शन के सम्बंध में विस्तृत जानकारी जिला पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बिजनौर।**

# 'दिशा कौशल कुम्भ टेलेन्ट हंट 2025' की प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स् द्वारा 25 दिसम्बर 2025 को द्वितीय 'दिशा कौशल कुम्भ टेलेन्ट हंट 2025' का भव्य आयोजन किया गया था, जिसका परिणाम 30 अप्रैल 2026 को महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इंचार्ज अमित कुमार विश्नोई, प्राचार्य डॉ. दुष्यन्त जैन, प्राचार्य फार्मेसी डॉ. विमल कुमार भारती ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण करके घोषित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया, जिसमें हर्ष धीमान (रामगोपाल रामचन्द्र सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज, धामपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और संस्था प्रबन्धन द्वारा 21000/- रूपये का



चैक देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान जितेन्द्र सिंह (एच.सी.एम. इण्टर कालेज, कासमपुर गढ़ी) ने प्राप्त किया। उन्हें 11000/- रूपये का चैक प्रदान किया गया। तृतीय स्थान अक्षित चौहान (रामगोपाल रामचन्द्र सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज, धामपुर) ने प्राप्त कर 5100/- रूपये का चैक प्राप्त किया। साथ ही अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 100 विशेष सांत्वना पुरस्कार, 200 सांत्वना पुरस्कार एवं स्कूलों के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया।

संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि उनके उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ाया गया एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरन्तर प्रयास को अपना मंत्र बनाते हैं।

इस अवसर पर संस्था के संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि दिशा कौशल कुम्भ जैसे आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

## शुगर मिल उपाध्यक्ष ने किया कई ग्रामों में खेतों का भ्रमण



खेत पर किसानों से वार्ता करते हुए आशीष शर्मा।

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा एवं विभागाध्यक्ष गन्ना विकास करुण अग्रवाल ने जॉन मोरना व मिल गेट के ग्राम सलाराबाद, मानपुर शिवपुरी, नींदडु व अथाई शेख आदि में खेतों का भ्रमण किया। ग्राम सलाराबाद में कृषक भूपेंद्र सिंह से वार्ता कर शरद कालीन गन्ना बुवाई के साथ में सहफसल, बसंत कालीन गन्ना बुवाई, ट्रेंच विधि व पेडी प्रबंधन के प्लाटों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गन्ने की फसल में सीटीपीआर, कोराजन, नेटजन बोलियम की ड्रचिंग अवश्य करें, जिससे टॉप बोरर के आपतन को कम किया जा सके। भ्रमण के दौरान अवधेश कुमार (सहायक प्रबंधक), फील्ड सुपरवाइजर प्रदीप कुमार भी शामिल रहे।

## शुगर मिल के माली ने कैडे वाले बाबा के मंदिर को दिया जनरेटर

### मंदिर परिसर की फुलवारी की भी करते हैं देखभाल

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत मोहड़ा में स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ कैडे वाले बाबा के मंदिर परिसर में स्थापित फुलवारी की नि:स्वार्थ भाव से साफ-सफाई करने और पानी देने का कार्य धामपुर शुगर मिल में माली की नौकरी करने वाले पप्पू माली प्रतिदिन प्रात: काल साइकिल से आकर कर रहे हैं। पप्पू माली ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से मंदिर में बाबा के सिद्ध स्थान पर पूजा-अर्चना करने के लिए आ रहे थे एक दिन उनके मन में यह भावना पैदा हुई कि बाबा के स्थान पर बनी हुई फुलवारी की साफ सफाई करके उसे सुंदर बनाया जाए। बस उसी दिन से वह प्रतिदिन घर से एक खुरपा लेकर मंदिर में पहुंच जाते हैं और वहां स्थापित फुलवरियों में उगने वाली घास की साफ सफाई करते हैं और पेड़-पौधों को पानी भी देते हैं। उन्होंने बताया कि भक्तों की सहूलियत के लिए मैंने अपनी भावना के अनुरूप घरवालों को बिना बताए मंदिर के लिए 43 हजार रुपए का जनरेटर दान कर दिया है। जिससे यहां आने वाले भक्तों को बिजली की सुविधा मिल रही है।



पप्पू माली

## सिद्धपीठ देव मंदिर का धूमधाम से मनाया 45वां वार्षिकोत्सव

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की टीचर्स कॉलोनी स्थित सिद्धपीठ देव मंदिर का 45 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ व पूजन कार्यक्रम में सनातन परिवारों ने सहभागिता की। श्री राम कथावाचक महंत कैलाश दास महाराज और ज्योतिषाचार्य पंडित रविकांत वशिष्ठ के संयोजन में कॉलोनी के सनातन परिवारों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। मुख्य यजमान नरेंद्र सिंह चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी युक्ति देवी चौहान रहे। पूजन कार्यक्रम सिद्ध पीठ देव मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित रविकांत वशिष्ठ ने मंत्रोच्चारण के बीच संपादित कराया। कार्यक्रम में कथा वाचक महंत कैलाश दास जी महाराज ने बताया कि यदि हम राम कथा और रामचरितमानस अखंड पाठ को सार्थकता दिलाना चाहते हैं तो हमें रामचरितमानस की चौपाई 'प्रात: काल उठि के रघुनाथा मात-पितहि गुरु नावहि माथा' के अनुसार बच्चों में बाल्यावस्था से ही जागृत करने का संकल्प लेना होगा ताकि वह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्श मय जीवन दर्शन से प्रेरणा पाकर परिवार समाज देश एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों की अनुभूति रख सके ।

## 16 लाख की लागत से बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का माहापौर ने किया शुभारंभ

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नगर निगम के महापौर शंभू पासवान द्वारा क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सिमरन उप्पल के वार्ड में 16 लाख रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाली सी.सी.सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। महापौर ने स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में नारियल फोड़ कर इस परियोजना की आधार शिला रखी। महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर के चहुंमुखी विकास और जनता को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर संकल्पित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सड़क के बनने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और स्थानीय निवासियों को जलभराव तथा धूल-मिट्टी जैसी समस्याओं से लिए निजात मिलेगी। महापौर ने निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी कड़े निर्देश दिए और यह सुनिश्चित करने को कहा कि कार्य पूरी पारदर्शिता और मजबूती के साथ संपन्न हो। कार्यक्रम में वार्ड वासियों ने विकास की इस पहल का स्वागत करते हुए महापौर और पार्षद का अभिनंदन किया। इस दौरान नगर निगम के स्थानीय पार्षद श्रीमती सिमरन उप्पल, नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।



## दुर्गा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया नुक्कड़ नाटक का मंचन

**धामपुर ( चिंगारी )।** दुर्गा पब्लिक स्कूल द्वारा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का मंघन किया गया। इस नाटक का विषय था 'मोबाइल सुविधा या समस्या', जिसमें विद्यार्थियों ने मोबाइल फोन के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया कि जहां मोबाइल आज के समय में ज्ञान, संचार और सुविधा का महत्वपूर्ण साधन है, वहीं इसका अत्यधिक उपयोग विद्यार्थियों के लिए हानिकारक भी हो सकता है। विद्यार्थियों ने अभिनय के जरिए यह दर्शाया कि कैसे मोबाइल की लत पढ़ाई, स्वास्थ्य और पारिवारिक संबंधों को प्रभावित करती है। कार्यक्रम का संचालन और निर्देशन विद्यालय के शिक्षकों कार्तिक मुद्गल, मोहित कुमार और आयशा के मार्गदर्शन में किया गया। नाटक में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में यमन, स्नेहा, ऋषि, अलीहा, अफज़िया, सोनाक्षी, शिफा, हिमांशी, दीपाली, शगुन, अनुष्का, संयम, अर्शियान, सारा, अल्पा, भव्या एवं रिद्धिमा शामिल रहे। उन्होंने अपने उत्कृष्ट अभिनय से सभी का मन मोह लिया।




नुक्कड़ नाटक का आयोजन करते हुए छात्र-छात्राएं।

# फैक्ट्री मालिक की आपराधिक लापरवाही का शिकार हुए मासूम

## गर्म राख में झुलसा चार मासूमों का नाजुक जिस्म





**बिजनौर (चिंगारी)।** फैक्ट्री मालिक की अमानवीयता और संवेदनहीनता के कारण चार बच्चों की जान पर बन आई। राख में छिपी आग में झुलसकर इन मासूमों की हालत गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों के अनुसार बच्चे 50 प्रतिशत तक जल गये हैं। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर लोगों का कलेजा मुंह को आ गया। सभी बच्चे गरीब परिवारों से हैं, जो आमियों के लालच में आग की चपेट में आ गये। चारों बच्चों को गंभीर हालत में मेरठ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

खुशियों और खेलकूद से भरी एक सामान्य दोपहर उस वक्त चीख-पुकार में बदल गई, जब समीपवर्ती ग्राम जोधूवाला क्षेत्र के एक बाग में खेलने गए चार बच्चे गर्म राख की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गये। मासूमों की दर्द भरी चीखों से हर आंख नम हो गई। गुरुवार की शाम को आई तेज आंधी के बाद शुक्रवार की दोपहर आमियां बटोरने और खेलने की मासूम चाहत लेकर कुछ बच्चे झालू रोड स्थित आम के बाग में गये थे। उन्हें क्या पता था कि बाग के सामने सड़क किनारे पड़ी गर्म राख उनके लिए खतरनाक जाल बन चुकी है। पल भर में बच्चों की चीखें आसमान चीरने लगीं। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने दौड़कर बच्चों को बाहर निकाला और बिना देर किए जिला मेडिकल अस्पताल पहुंचाया।

घटना में उजेद (12 वर्ष), साहिल (13 वर्ष), शाद (9 वर्ष) और रिहान उर्फ ईशान गंभीर रूप से झुलस गए। डॉक्टरों के मुताबिक सभी बच्चे 30 से 50 प्रतिशत तक झुलसे हैं। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में प्रारंभिक इलाज के बाद बच्चों को हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया है। सभी बच्चे मोहल्ला लडापुरा और चाहशीरीं के निवासी हैं। चारों बच्चे बेहद गरीब परिवारों से हैं।

### दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा- डीएम

**जिलाधिकारी जसजीत कौर ने घटना की जांच के आदेश देते हुए कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, एसडीएम सदर ऋतु रानी ने अस्पताल पहुंचकर बच्चों का हाल जाना और घटना पर गहरा दुख जताया। उन्होंने बताया कि जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। संबंधित फैक्ट्री व बाग मालिक को नोटिस जारी किया जा रहा है।**

### पहले भी हो चुकी है घटना

यह पहली घटना नहीं, जब गर्म राख ने इंसानी जिंदगी को झुलसाया हो। गत वर्ष ग्राम पेदी के पास सूखे तालाब में डाली गई राख ने एक मासूम बच्ची की जान ले ली थी, जबकि उसके माता-पिता सहित चार लोग झुलस गए थे। इसके बावजूद हालात नहीं बदले।

### मौसम भैया ने किया मदद का ऐलान

**घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया। उन्होंने चारों पीड़ित परिवारों को विधायक निधि से 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। साथ ही कहा कि बच्चों का बेहतर से बेहतर इलाज कराया जायेगा।**

### चार दिन पहले भी चार लोग झुलसे थे

चार दिन पहले इसी गर्म राख में ग्राम जलालपुर छोइया के किसान सुखबीर सिंह, उनके पुत्र सुमित समेत चार लोग झुलस गये थे। लगातार हो रही ऐसी घटनाएं साफ संकेत देती हैं कि यह सिर्फ हादसा नहीं, बल्कि आपराधिक लापरवाही है, जिसे रोकना अब बेहद जरूरी हो गया है।

# यूपी ग्रामीण बैंक का स्थापना दिवस मनाया




**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने अपनी सफलता का एक वर्ष पूर्ण कर लिया है। इस अवसर पर कल शाखा तैमूरपुर आवास विकास बिजनौर के परिसर में बैंक स्थापना की प्रथम वर्षगांठ अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बैंक के ग्राहकों, स्थानीय समाजसेवियों और कार्मिकों की उपस्थिति रही, जहां केक काटकर और मिष्ठान वितरण कर खुशियां साझा की गईं। स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए बैंक द्वारा 'नवारम्भ पहला कदम लक्ष्य की ओर' नामक एक वृहद जन-संपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, किसानों, व्यापार मंडलों आदि से सीधा संवाद स्थापित किया गया। शाखा परिसर में आयोजित एक विशेष ग्राहक गोष्ठी के दौरान बैंक के शाखा प्रबंधक राजीव कुमार शर्मा ने उपस्थित लोगों को बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं, जमा उत्पादों और सुरक्षित डिजिटल सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शाखा अधिकारी दीपक कुमार ने बैंक की एक साल की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 01 मई 2025 को भारत सरकार की एक राज्य, एक ग्रामीण बैंक, योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक अस्तित्व में आया था। इस अवसर पर बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी योगेंद्र पाल सिंह, दीपक रस्तौगी, ओपी परमार, अनेक सम्मानित ग्राहक राजेश्वर प्रसाद,अनमोल राठी, श्रीकांत शर्मा, नीरज चौधरी (एड.), श्रीमती नूतन शर्मा, रवि कुमार, आलम, शाहनवाज उपस्थित रहे।

# देवेश कुमार बने जिला चेयरमैन



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला केमिस्ट एसोसिएशन बिजनौर के जिला चेयरमैन पद पर वरिष्ठ व्यापारी नेता देवेश कुमार की ताजपोशी की गई है। संगठन ने देवेश कुमार को यह अहम जिम्मेदारी देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी और वह जनपद के समस्त केमिस्ट्स की समस्याओं का समाधान बिना किसी भेदभाव के कराएंगे। देवेश कुमार ने इस जिम्मेदारी के लिए संगठन के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों खासकर जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार का आभार जताते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसे वह टूटने नहीं देंगे। देवेश कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी कि संगठन के किसी भी पदाधिकारी अथवा केमिस्ट का किसी भी स्तर पर उत्पीड़न न होने पाए।

# श्रमिक दिवस पर धामपुर में मजदूरों ने किया प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया




**धामपुर (चिंगारी)।** शुक्रवार को श्रमिक दिवस पर मजदूरों ने धरना प्रदर्शन कर समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। किसान मजदूर यूनियन जनपद बिजनौर के बैनर तले बड़ी संख्या में महिला व पुरुष मजदूरों ने नगर के मुख्य बाजार में नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम धामपुर को सौंपा। प्रदर्शन करने वालों ने बताया कि नोएडा में फैक्ट्री मजदूरों द्वारा न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से हड़ताल की गई थी। लेकिन प्रशासन द्वारा उनकी मांगों को नहीं माना गया। आंदोलन तेज होने पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर मजदूरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यूनियन ने किसानों, मजदूरों के अधिकारों का दमन बताते हुए, गिरफ्तार किए गए मजदूरों को बिना शर्त रिहाई और उन पर दर्ज मुकदमे को वापस लेने की जोरदार मांग की। ज्ञापन में न्यूनतम वेतन 25 हजार रुपए लागू करने, चार नए श्रमिक कानून रद्द करने और मजदूरों के अधिकार बहाल करने की मांग उठाई गई। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने डिजिटल स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर भी अपनी आपत्ति जताई। उनका कहना है कि स्मार्ट मीटर के कारण बिजली बिल में कई गुना वृद्धि हो रही है। जहां पहले 300-400 का बिल आता था। अब वही बिल रु. 4000 का आ रहा है। साथ ही ऑनलाइन भुगतान के बाद भी दोबारा भुगतान के मैसेज आने की शिकायतें आ रही हैं। यूनियन ने स्मार्ट मीटर वापस लेने, बिजली का बिल माफ करने और सरकार द्वारा 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में सुभाष चंद्र, गीता, रेखा, कमला, वकीला, शकीला सहित बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित रहे।

# डाकघर की सुरक्षा रामभरोसे

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र में संचालित डाकघर की सुरक्षा अभी तक राम भरोसे ही चल रही है, जबकि यहां बैंकों की तर्ज पर लेनदेन चलता है। बैंकों में हर समय गार्ड और पुलिस बल तथा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में काम होता है, इसके विपरीत डाकघर में आज तक सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया जा सका है। सुरक्षा के अभाव में यहां कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। अधिकतर का डाकघर प्रभारियों का कहना है कि सुरक्षा इंतजाम तो विभाग पर निर्भर करता है गौरव कुमार पवन शर्मा राकेश कुमार आदि जागरूक लोगों ने सभी डाकघरों पर अतिशीघ्र सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

# मजदूर असंतोष तो मात्र लक्षण है, रोग पूंजी का सत्ता से गठजोड़ है!

-इक़बाल हिंदुस्तानी



एक मई पूरी दुनिया में लेबर डे के तौर पर मनाया जाता है। इस बार श्रमिक दिवस की 140 वीं सालगिरह है। मई दिवस 1886 में अमेरिका के शिकागो नगर में उन शहीद मज़दूरों की याद में मनाया जाता है जिन्होंने पहली बार 8 घंटे काम, 8 घंटे आराम और 8 घंटे अपने परिवार और दूसरी समाजिक राजनीतिक और मनोरंजन की गतिविधियों के लिये मांगे थे। उनके अमन चैन से किये जा रहे प्रदर्शन पर गोलियां चलीं और कई मज़दूर शहीद हो गये। उनके बहे खून से सफ़ेद झंडे लाल हो गये और तब से ही लाल झंडा श्रमिकों के संघर्ष का स्थायी निशान बन गया। उसके बाद उनकी कुछ मांगे लगातार लड़ाई के बाद कुर्बानी दिये जाने से दुनिया भर में मानी गयीं लेकिन आज फिर से पूंजी और सत्ता के नाजायज़ गठजोड़ से एक बार फिर दुनिया के अनेक मुल्कों के साथ ही भारत में भी नये लेबर कोड थोपकर यूनियन बनाने से लेकर हड़ताल करने पर रोक लगाकर उनके शोषण और अन्याय के नये रास्ते खोले जा रहे हैं। जिसका असर हम नोएडा से लेकर सूरत तक मज़दूर असंतोष के कारण धरना प्रदर्शन और बात न सुने जाने पर अवैध हिंसक आंदोलन के रूप में देख सकते हैं।

हाल ही में 28 अप्रैल को यूपी के मथुरा में स्वीटी सुपारी कारखाने के बाहर फैक्ट्री के मज़दूरों ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर धरना दिया । इसके बाद स्थानीय प्रशासन ने श्रमिकों की मांगे सुनीं और कंपनी के प्रबंधतंत्र पर अपने प्रभाव का प्रयोग कर सभी 17 मांगे मनवा दीं। इससे पहले नोएडा में जिन मजदूरों ने अपनी मांगों को मनवाने के लिये हिंसा का सहारा लिया वह गलत था और पुलिस प्रशासन को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इससे निबटने को सख्ती करनी पड़ी। लेकिन एक न्यूज चैनल पर एक मजदूर कह रहा था कि हम बहुत दिन से शांति के साथ अपनी शिकायत रख रहे थे लिखा पढ़ी कर रहे थे और कंपनी प्रबंधन के साथ बैठकें भी कर रहे थे लेकिन उनकी जायज मांगों को अनसुना अनदेखा और साजिश बताया जा रहा था। मामला तूल पकड़ने के बाद भी इस आंदोलन को विदेशी हाथों में खेलना और नक्सलवादियों के इशारों पर चलना बताया गया, मगर इसका एक सुखद पक्ष यह भी रहा कि यूपी सरकार ने तत्काल कुछ मुद्दों पर सकारात्मक कार्यवाही करते हुए वेतन बढ़ाने सहित कुछ और दिखावटी आवश्यक कदम श्रमिक हित में उठाए। कई लेबर लीडर्स का कहना है कि उनको भी औद्योगिक विकास में भागीदार और मानवीय आधार पर देखा जाए। अगर नोएडा आंदोलन को विदेशी हाथ और नक्सल कनेक्शन मानकर नजर अंदाज भी किया जाए तो सवाल उठता है कि मानेसर और भिवाड़ी में भी ऐसा ही मजदूर आंदोलन किसने भड़काया? सच तो यह है आमतौर पर एक मज़दूर को मिलने वाली सैलरी एक परिवार को आराम से नहीं बहुत किफायत से खर्च करने पर भी पर्याप्त नहीं है। खासतौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तो जीवन स्तर और भी महंगा है। यह रकम तो न्यूनतम वेतन भी नहीं है, लेकिन जब से सरकार ने यूनियन बनाने और काम बंद हड़ताल करने की कठोर शर्तें लेबर एक्ट में संशोधन करके लागू की हैं तब से संविदा या ठेकेदारों के द्वारा रखे जाने पर मजदूरों को और भी कम आय व दूसरी आवश्यक सुविधाएं मिलने लगी हैं लेकिन बेरोजगारी अधिक और काम कम उपलब्ध होने से मजदूर इन सब हालात में काम करने को मजबूर हैं।



एक अप्रैल से लागू नए लेबर कोड हालांकि आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के नाम पर लागू किए गए हैं लेकिन ये मजदूरों के खिलाफ और पूंजिपतियों के पक्ष में अधिक माने जाते हैं। मजदूर नेताओं का आरोप है कि सत्ता और कॉर्पोरेट का गठजोड़ उनके हितों के खिलाफ नियम कानून बना रहा है। आठ घंटे काम की जगह 12 से 16 घंटे तक काम लिया जा रहा है और इसके लिए कई कारखानों में डबल तो क्या ओवरटाइम का पैसा दिया ही नहीं जा रहा है। श्रमिक आंदोलन हिंसक होने के पीछे कम वेतन तो बड़ी वजह थी ही लेकिन यह ट्रिगर हुआ कुकिंग गैस ब्लैक होने से। वेतन बहुत दिन से बढ़ा नहीं, उसके बढ़ने के आसार भी नहीं थे, जो न्यूनतम था वो भी कुछ ठेकेदार नहीं दे रहे थे। महंगाई भत्ता जो साल में दो बार बढ़ता है नहीं बढ़ा, आखिरी बार वेतन हरियाणा में 2015 और यूपी में 2014 में बढ़ा था। जबकि यह हर पांच साल में संशोधित होना चाहिए। उत्पादन में बढ़ोत्तरी का कोई हिस्सा मजदूरों को नहीं मिल रहा है, दूसरे सरकार के कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स में जो महंगाई दिखाई जाती है उसमें और बाजार में वास्तव में आवश्यक वस्तु के जो दाम तेजी से बढ़ रहे हैं, दोनों में जमीन आसमान का अंतर है। खासतौर पर शिक्षा और स्वास्थ्य जितना महंगा होता जा रहा है।

नोएडा में आंदोलन के दौरान 400 मज़दूरों को गिरफ़्तार करना, विदेशी टूल किट का हिस्सा बताना और आंदोलनकर्ताओं को नक्सलवाद से जोड़ना समस्या से नजरें चुराना या असली मुद्दे से ध्यान भटकाना ही माना जाएगा। 2012 में मानेसर में मारुति प्लांट में जो कुछ हुआ था, उसमें भी बड़ी संख्या में लेबर को निकाला गया था और खूब लोग जेल भेजे गए थे। अब हरियाणा में मिनिमम वेज 35 प्रतिशत जबकि यूपी में मात्र 21 प्रतिशत बढ़ाई गई है। मज़दूर इस बढ़ोत्तरी से संतुष्ट नहीं हैं, खासतौर पर यूपी के वर्कर्स हरियाणा से कम वेतन लेने को तैयार नहीं हैं क्योंकि दोनों एनसीआर में एक सी ही लागत पर रह रहे हैं। इससे पहले सूरत गुजरात पानीपत हरियाणा और बरौनी बिहार में भी ऐसे ही श्रमिक आंदोलन हो चुके हैं। दिसंबर 2025 में गिग वर्कर्स भी कमीशन बढ़ाने और दस मिनट में अनिवार्य डिलीवरी के खिलाफ आंदोलन कर चुके हैं। उसके बाद ही उनको कुछ राहत दी गई थी, इससे पहले कोई उनकी कोई बात नहीं सुन रहा था। ई श्रम पोर्टल पर 31 करोड़ मजदूर रजिस्टर्ड हैं। इनमें से 94 प्रतिशत 10,000 से कम कमा रहे हैं। जबकि एक सर्वे में यह मासिक आय गांव में 10,376 और शहर में 13012 रुपये है। इनमें अधिकांश महंगाई भत्ता के पात्र भी नहीं हैं। पूंजीवादी सरकारों को यह सीधी सरल बात समझ नहीं आती कि वे मज़दूरों का हक मारकर लोगों को धार्मिक उन्माद और घृणा में उलझाकर बेरोज़गारी बढ़ाकर और छोटे दुकानदारों की कीमत पर ऑनलाइन कारोबार बढ़ाकर उत्पादन तो बढ़ा सकती हैं लेकिन उस प्रोडक्शन को खरीदने के लिये लोगों की जेब में पैसा नहीं होगा तो उससे जीडीपी और बजट का आकार बढ़ने के दावों के बावजूद अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं कमज़ोर होगी। शायर ने कहा है-ये लोग औरों के दुख जीने निकल आये हैं सड़कों पर, अगर अपना ही ग़म होता तो यूं आंसू झरने नहीं देते।

**( नोट- लेखक चार दशक से पत्रकारिता और आकाशवाणी से जुड़े हुए हैं।)**


भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"

के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना



"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताएं:-

★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताएं:-

1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स





BIJNOR PUBLIC SCHOOL

A Co-educational Senior Secondary School.

Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928


# सेंट मेरिज हल्दौर का रिजल्ट रहा उत्कृष्ट



**हल्दौर ( चिंगारी )।** आईसीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 10 एवं 12 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सेंट मेरिज स्कूल, हल्दौर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया।

कक्षा 10 में छात्र कृष्णा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही तन्वी राजपूत ने 92.6 प्रतिशत द्वितीय, वैष्णवी आर्या ने 92 प्रतिशत तृतीय तथा अथर्व गंधर्व ने 91त्न अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त 5 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जिनमें आराध्या 90.4 प्रतिशत, इशिका राजपूत 89.4 प्रतिशत, मौहम्मद उमैर 89.4 प्रतिशत, सूर्यांश मारवाड़ी 89.2 प्रतिशत, अथर्व रस्तोगी 88.4 प्रतिशत एवं ओजस भारद्वाज ने 88.2 प्रतिशत शामिल रहें। कक्षा 12 के परिणाम भी सराहनीय रहे। पीसीएम वर्ग में श्रुति राजपूत (93.5 प्रतिशत) प्रथम, अंश चौधरी (93 प्रतिशत) द्वितीय एवं रक्षित कुमार (92 प्रतिशत) तृतीय ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। पीसीबी वर्ग में निष्ठा चौधरी ने 93.25 प्रतिशत प्रथम, जानवी ने 91.75 द्वितीय तथा प्रतिशत, विशाल चौधरी ने 77.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहें। वहीं कॉमर्स वर्ग में अनुश्री रस्तोगी (91.75 प्रतिशत) प्रथम, मुकुल तोमर (88.4 प्रतिशत) द्वितीय एवं कुशाग्री रस्तोगी (86.25 प्रतिशत) तृतीय ने अच्छा प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रबंधक सिस्टर फिलबी ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी। प्रधानाचार्या सिस्टर शेनेट ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता उनके परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने समस्त अध्यापकगण के अथक प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं। अध्यापकों ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सिस्टर शेनेट , सिस्टर धन्य, सिस्टर क्लेरेंट सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# विधायक ने स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड कराने को मांग-पत्र दिया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर में आ रही समस्याओं को लेकर सपा विधायकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ ऊर्जा विभाग उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव एवं यूपीपीसीएल चेयरमैन आशीष कुमार गोयल से मुलाकात की। उनके सामने विधायकों ने मांग रखी कि जब से घरों में स्मार्ट मीटर लगे हैं उपभोक्ताओं के मासिक बिजली खपत लगभग 85 प्रतिशत तक बढ़ गई है। महंगाई के दौर में गरीब लोगों व किसानो पर यह अतिरिक्त भार पड़ गया है। रिचार्ज से अग्रिम भुगतान करने के तीन दिन तक भी घरों में लाइट नहीं आ रही। साथ ही मीटर में गड़बड़ी व उसका समाधान ना होना आम बात हो गई है। सपा विधायकों ने मांग की है कि इन प्रीपेड स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड में परिवर्तित किया जाए जिससे आम जनता को राहत मिल सके। मांग पत्र देने वालों में नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद, नगीना विधायक मनोज पारस आदि शामिल रहे।

# एनआईजीसी के तीन छात्रों का मल्टीनेशनल कंपनी में चयन

नजीबाबाद (चिंगारी)। एनआईजीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के बीटेक कंप्यूटर साइंस अंतिम वर्ष के छात्रों ने हाल ही में आयोजित वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव का उद्देश्य छात्रों को वेब डेवलपमेंट एवं क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करना था।



कंपनी इन्फ्रो प्रो लर्निंग नोएडा कई पदों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की। इसमें तकनीकी साक्षात्कार एवं पर्सनल इंटरव्यू शामिल थे। इंटरव्यू का संचालन कंपनी के सीनियर एग्जीक्यूटिव टैलंट एक्विज़िशन ने किया। चयन प्रक्रिया के बाद तृतीय राउंड में तीन छात्रों मुहम्मद अयान आलम, वामिक अजमल एवं शारिक अहमद का चयन किया गया। छात्रों को नियुक्ति दी गई है। कंपनी ने शुरुआती पैकेज 3.0 लाख रुपये प्रति वर्ष दिये। इस अवसर पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर अवनीश अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिनव अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर सरफ़राज़ अहमद तथा समस्त शिक्षण संकाय ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्रबंधन ने इस उपलब्धि को संस्थान के लिए गर्व का विषय बताया व भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट अवसर प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# शिक्षिका की पुत्री इज्तिमा ने 94 प्रतिशत अंक पाकर नाम रोशन किया



इज्तिमा को मिठाई खिलाती स्कूल की सिस्टर।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुगलूशाह निवासी डॉक्टर मौहम्मद रिजवान व शिक्षिका डॉ. शहला अंजुम की होनेहार बेटी इज्तिमा रिज़्वान शेख ने सेंटमैरी स्कूल नजीबाबाद से कक्षा 10 में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। इज्तिमा रिज़्वान ने अंग्रेजी में 94 प्रतिशत, हिन्दी में 96 प्रतिशत व कम्प्यूटर में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

# कॉलेज को सेनिटरी नेपकिन मशीनें दान कीं



नजीबाबाद (चिंगारी)। मूर्ति देवी कन्या इण्टर कॉलेज नजीबाबाद में नमो नारायण चैरिटेबिल ट्रस्ट द्वारा विद्यालय में स्वच्छता बनाये रखने के लिए एक सैनिटरी नैपकिन इंसीनरेटर मशीन एवं सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन छात्राओं के हित के लिए विद्यालय को दान दी। इस उपलक्ष्य में नमो नारायण चैरिटेबिल ट्रस्ट के अध्यक्ष सुभाषचंद्र अग्रवाल, मंत्री संदीप तायल, कोषाध्यक्ष आशीष तोषनीवाल, रूचिर अग्रवाल, नीरज जैन, सुनील गोयल, गौरव बंसल, विपुल सिंघल, संदीप सिंघल, सौरभ गोयल, परमवीर सिंह, नरेश गोयल आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रबंधक नीरज जैन एवं कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती शबनम नसरीन द्वारा दी गई।

## आज का विचार

# युवा पीढ़ी : निकलते सूरज से अनजान



-सत्यराज

सदियां बीत गईं, लेकिन प्रकृति का नियम अटल है। बहुत कुछ बदल रहा है ,लेकिन दिन निकलने से लेकर रात होने और फिर सुबह होने का दैनिक चक्र यूं ही अनवरत है और रहेगा। पौराणिक व्याख्या के अनुसार सूर्योदय से डेढ़ घंटे पूर्व का समय ब्रह्म मुहूर्त माना जाता है। भारतीय परंपरा में इसे सबसे पवित्र, शांत और ऊर्जा से भरपूर समय माना जाता है। ऑक्सीजन से भरपूर प्रात:काल की अवधि में जहां इस समय को स्वास्थ्य के लिए श्रेष्ठ माना जाता है, वहीं सुबह का वातावरण मानसिक शांति और एकाग्रता के लिए अत्यंत उपयोगी रहता है। इस परंपरागत सत्य निष्कर्ष को बुजुर्ग हो रही पीढ़ी तो सच मानती है, लेकिन जेन जी कही जाने वाली आधुनिक किशोर और युवा पीढ़ी विशेष कर छात्र वर्ग, इसके विपरीत चलने लगे हैं । आज देश में करोड़ों युवा ऐसे हैं जो देर रात तक या कभी-कभी सारी रात भी जागते रहते हैं और फिर दिन में सोते हैं। यह बात विशेषकर उन विद्यार्थियों पर लागू होती है जो पढ़ाई के लिए ब्रह्म मुहूर्त का महत्व ही भुला बैठे हैं । देर रात तक पढ़ना और सवेरे देर तक सोना ,उन्होंने अपने दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है ।

हम बुजुर्ग होते जा रहे लोगों को अच्छी तरह याद होगा कि हमारी पीढ़ी सवेरे जल्दी उठकर पढ़ाई करने को बेहतर मानती थी, लेकिन आज के किशोर और युवा देर से उठने को फैशन मानने लगे हैं। यह युवा नहीं जानते हैं कि इन्होंने कब सुबह निकलता हुआ सूरज देखा होगा। ब्रह्म मुहूर्त में पूर्व दिशा से निकलते सूर्य की लालिमा कितनी मनोहरी लगती है, यह पीढ़ी नहीं जानती। सुबह सवेरे मॉर्निंग वॉक करने वाले 95 प्रतिशत से अधिक लोग अधेड़ और बुजुर्ग ही होते हैं जो स्वास्थ्य कारणों से बाहर घूम रहे होते हैं ,जबकि उनके घर में किशोर और युवा प्रात: काल में सो रहे होते हैं । क्या यह युवा ब्रह्म मुहूर्त का महत्व समझ पाएंगे ,शायद नहीं। हम बड़ों ने इन्हें समझाया ही नहीं अथवा ये माने ही नहीं। बहरहाल परिणाम यह है कि आज के युवा अपनी दिनचर्या को बदल चुके हैं, संदर्भ पढ़ाई हो तथा विदेशी कंपनियों की रात की नौकरियां हों। क्या ये युवा निकलते सूरज की लालिमा पर चार संवाद बोल पाएंगे, शायद नहीं।

# शिफा नाज़ ने कॉमर्स स्कूल टॉप किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला रम्पुरा निवासी आम आदमी पार्टी के नेता अबरार अहमद की प्रतिष्ठित सेंट मैरी स्कूल की छात्रा शिफा नाज़ ने इस वर्ष आईसीएससी बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा (कॉमर्स वर्ग) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 93.70 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया है। शिफा नाज़ की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। शिफा नाज़ ने सभी विषयों में शानदार अंक हासिल का अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन व लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। स्कूल की हेड ने शिफा नाज़ की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। शिफा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व माता-पिता को दिया है। शिफा नाज़ के भाई इफ्तिकार अहमद बेसिक शिक्षा विभाग में प्राथमिक विद्यालय करमसखेड़ी के सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है।

# मौहम्मद रोहान ने किया नजीबाबाद का नाम रोशन



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुगलूशाह निवासी आफताब आलम के बेटे सेंटमैरी स्कूल नजीबाबाद में शिक्षा ग्रहण करने वाले कक्षा 10 के छात्र मौहम्मद रोहान ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने शहर का नाम रोशन किया है। रोहान के अच्छे अंक प्राप्त करने से उसके परिवार में खुशी का माहौल है।

# प्रमुख व्यवसायी अनुज अग्रवाल सेवा भारती के नगर अध्यक्ष बने

नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व के सबसे बड़े सामाजिक संगठन सेवा भारती के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार श्रीवास्वत ने नजीबाबाद के प्रमुख व्यवसायी अनुज अग्रवाल को तत्काल प्रभाव से नजीबाबाद का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर प्रमुख उद्योगपति एसपी मित्तल के व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम को मुख्य अतिथि भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लीना सिंघल, सरदार जसपाल सिंह एवं विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सेवा प्रमुख ऋषिपाल ने भारत माता के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित करके नवमनोनीत अध्यक्ष अनुज अग्रवाल को पटका पहनाकर कार्यक्रम का शुभारंम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लीना सिंघल ने कहा कि सेवा भारती पूरे विश्व में समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाला सबसे बड़ा संगठन है, जिसके सैकड़ो प्रकल्प है तथा पूरे भारत में सेवा केन्द्रों के माध्यम से समाज सेवा का कार्य कर रहे है। लीना सिंघल ने कहा अनुज अग्रवाल बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हें इतने बड़े संगठन से जुड़ने तथा इतने बड़े पद पर कार्य करने का मौका मिला। कार्यक्रम संयोजक शोभित मित्तल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नगर अध्यक्ष अनुज अग्रवाल को सहयोग करने की अपेक्षा की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दीपक शर्मा, नवीन राणा, नवीन मल्होत्रा, सरदार रोविन सिंह, जयपाल सिंह, विपिन सैनी, रविन्द्र त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# दुनिया से जाते-जाते तीन लोगों को ज़िन्दगी दे गई युवती

## एम्स ऋषिकेश ने रचा एक नया कीर्तिमान

**राजेश शर्मा**




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** ईश्वर के बाद यदि कोई किसी इंसान को जिंदगी दे सकता है, तो वह सिर्फ अंगदान का पुनीत कार्य करने वाला व्यक्ति ही हो सकता है। और इस पुण्य के साक्षी और सशक्त माध्यम बनते हैं कलियुग में भगवान कहे जाने वाले चिकित्सक। एम्स,ऋषिकेश में कुछ ऐसा ही करिश्मा हुआ। जिसने न सिर्फ चिकित्सकीय इतिहास को पलट कर रख दिया अपितु इसके साथ साथ एम्स ऋषिकेश ने प्रतिबद्धता, संकल्प के साथ सफलतम चिकित्सा का एक नया कीर्तिमान भी रच दिया है। इस प्रक्रिया के तहत एम्स,ऋषिकेश ने उत्तराखंड में पहले लीवर ट्रांसप्लांट को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, साथ ही संस्थान में बीते 3 वर्षों में 23वें व्यक्ति को सफलतापूर्वक किडनी प्रत्यारोपण किया गया।

पूर्ण विवरण के अनुसार 21 अप्रैल को एक सड़क दुर्घटना में 23 वर्षीया युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश में भर्ती किया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान बीते बृहस्पतिवार को युवती को चिकित्सकीय टीम ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया।

इसके बाद एम्स संस्थान के चिकित्सकों ने युवती के परिजनों को युवती के ऑर्गेन जरूरतमंद लोगों को दान कर उन्हें नया जीवन देने के पुण्य कार्य के लिए प्रेरित किया। चिकित्सकों के परामर्श के बाद अपनी जवान बेटी को खो चुके परिजनों ने मौत से जूझ रहे किसी व्यक्ति को जिंदगी देने का फैसला किया और एम्स के चिकित्सकीय टीम को अंगदान आर्गेन डोनेशन की लिखित अनुमति प्रदान कर दी।

परिजनों की सहमति प्राप्त होने के बाद एम्स ऋषिकेश में पहली मर्तबा सफलतापूर्वक पहला लीवर ट्रांसप्लांट को अंजाम दिया गया। बताया गया है कि नेशनल आर्गेन एंड टिसु ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन नोटो, की सहायता से आर्गेन डोनेशन के लिए जरूरतमंद मरीजों का पता लगाया गया और इसके बाद नोटो के तहत अंग दान के लिए आवंटित किए गए।

एम्स ऋषिकेश में बीते बृहस्पतिवार की रात करीब 9 बजे अंग प्रत्यारोपण प्रक्रिया शुरू की गई। जिसमें एम्स संस्थान के विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की संयुक्त टीम ने हिस्सा लिया।

इस कार्य को संस्थान के एक ही ओटी काम्पलेक्स में सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। जिसके तहत एक साथ दो पेशेंट्स को अंग प्रत्यारोपित किए गए। प्रक्रिया के अंतर्गत एक पेशेंट से अंग लिए गए जबकि एक पेशेंट को किडनी दूसरे को लीवर ट्रांसप्लांट किया गया। इस जटिलतम प्रक्रिया को पहली मर्तबा सफलता से संपन्न कराने से पता चलता है कि संस्थान में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कितनी वृहद टीम लोगों को जीवनदान देने के लिए अपनी उपयोगिता के साथ ही योग्यता को सिद्ध करने में जुटी हुई है। यह संपूर्ण जटिलतम शल्य चिकित्सा प्रक्रिया बृहस्पतिवार की रात 9 बजे शुरू की गई जो कि लगभग 13 घंटे यानि शुक्रवार सुबह 10 बजे तक चली। इसके अतिरिक्त एक व्यक्ति को अंग प्रत्यारोपण दिल्ली एम्स में किया गया।

### टीम में यह विशेषज्ञ रहे शामिल

**अंग प्रत्यारोपण को सफल बनाने वाली टीम में इन विशेषज्ञों ने अपना योगदान दिया। जिसके अंतर्गत अहमदाबाद के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रांजल मोदी के मार्गदर्शन एवं गाइडेंस में एम्स अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ. बी. सत्यश्री, संस्थान के डॉ. कर्मवीर सिंह, डॉ. रजनीश अरोड़ा, डॉ. वाईएस पयाल, डॉ. अंकुर मित्तल, डॉ. विकास पवार, डॉ. रोहित गुप्ता, डॉ. आनंद शर्मा, डॉ. कल्याणी, डॉ. शैरोन कंडारी, डॉ. भारती, डॉ. भारत भूषण भारद्वाज, डॉ. सारंग भारती आदि विशेषज्ञ चिकित्सक अंग प्रत्यारोपण प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम देने में शामिल रहे।**

### दिल्ली एम्स भेजे गए एक किडनी और पेनक्रियाज

**ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से डोनेट की गई एक किडनी और पेनक्रियाज को किसी जरूरतमंद पेशेंट को प्रत्यारोपित करने के लिए बीती बृहस्पतिवार की रात में ही दिल्ली, एम्स को भेजा गया है। बताया गया है कि एम्स दिल्ली को भेजे गए अंगों का भी प्रत्यारोपण पूरी तरह से सफल रहा।**

### निदेशक का कहना है...

**सफलता का यह पहला पायदान है। एम्स संस्थान इस दिशा में आगे तीव्रगति से सततरूप से कार्य करते हुए उत्तराखंड के लोगों की चिकित्सा सेवा का कार्य करेगा। इसके साथ ही उन्हें अंगदान को लेकर जागरूक भी किया जाएगा। जिससे स्थानीय स्तर पर लोग स्वैच्छिक तौर पर अंगदान प्रत्यारोपण केलिए आगे आने को प्रेरित हों और इस कार्य में बढ़चढ़कर हिस्सा ले सकें। आम नागरिकों को भी जीवन के लिए जूझ रहे लोगों को आर्गेन डोनेशन के लिए आगे आना चाहिए। जिससे समाज में दूसरे लोगों में भी सकारात्मक संदेश मिल सके।**

# विधायक मनोज पारस ने स्मार्ट मीटर के विरुद्ध दिया मांग-पत्र



लखनऊ में यूपीपीसीएल अध्यक्ष को स्मार्ट मीटर विरोध के संबंध में एक मांग पत्र देते विधायक मनोज पारस एवं अन्य विधायक।

**नगीना ( चिंगारी )।** स्थानीय सपा विधायक मनोज पारस ने लखनऊ में विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं यूपीपीसीएल अध्यक्ष से मुलाकात कर स्मार्ट प्रीपेड मीटर के विरोध में एक शिकायती पत्र दिया। यूपीपीसीएल चेयरमैन आशीष कुमार गोयल को दिए गए पत्र में कहा गया कि जब से घरों में स्मार्ट मीटर लगे हैं, तब से उपभोक्ताओं के मासिक बिजली खपत लगभग 85 प्रतिशत तक बढ़ गई है। महंगाई के दौर में गरीब लोगों को और किसानों पर यह अतिरिक्त भार हो गया है। अग्रिम भुगतान करने के तीन दिन तक भी घरों में लाइट नहीं आ रही, साथ ही मीटर में गड़बड़ी और उसका समाधान न होना आम बात हो गई है। पत्र के माध्यम से मांग कि गई की इन प्रीपेड स्मार्ट मीटर को पोस्टपेड में परिवर्तित किया जाए, जिससे आम जनता को राहत मिल सके और जिन उपभोक्ताओं के यहां पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग गए हैं उन उपभोक्ताओं के यहां पर पोस्टपेड मीटर लगवाए जाए। पत्र पर नजीबाबाद के विधायक तस्लीम अहमद, विधायक रफीक अंसारी, विधायक हाजी नासिर कुरैशी आदि के हस्ताक्षर रहे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर युवाओं से बुद्ध के मार्ग पर चलने का आह्वान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** बुद्ध संस्कृति विश्वविद्यापीठ (भाषा, संस्कृति एवं शोध संस्थान), नजीबाबाद के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन विद्यापीठ परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धा एवं सादगीपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ओपन डोर समाचार पत्रिका के संपादक अमन कुमार त्यागी द्वारा भगवान बुद्ध के चित्र के समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर की गई। बौद्धाचार्य राकेश मोहन भारती ने बुद्ध वंदना एवं पंचशील का पाठ कर उपस्थित जनों को धर्म के मूल सिद्धांतों से अवगत कराया। गोष्ठी की अध्यक्षता बुद्ध संस्कृति विश्वविद्यापीठ के अध्यक्ष गोविंद सिंह बौद्ध एवं संचालन धर्मवीर सिंह ने किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बुद्ध के विचार आज के समय में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं और समाज में शांति, समानता तथा सद्भाव स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर आरबीआई के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अतर सिंह बौद्ध, दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के प्रदेश महासचिव राकेश मोहन भारती, विपिन कुमार, ऋष्मा बौद्ध, अंजूषा सिंह, आकृति सहित अन्य लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# हर्षोल्लास की साथ मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** कोतवाली रोड सिद्धबली विहार कॉलोनी में डॉ. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति जनजाति जन कल्याण समिति द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गौतम बुद्ध के छाया चित्र के सम्मुख समिति के अध्यक्ष रामनाथ सिंह रिटायर्ड दरोगा एवं सुरजा सिंह संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में हिमालयन कॉलोनी, दुर्गा विहार, सत्य विहार, आदर्शनगर, महावतपुर तथा आसपास के विभिन्न कॉलोनियों से बौद्ध अनुयायियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में राकेश मोहन भारती, गोविंद सिंह बौद्ध, अतर सिंह, निशा बौद्ध के द्वारा बुद्ध वंदना की गई। सभी अनुयायियों ने भगवान गौतम बुद्ध के जीवन दर्शन, शिक्षा दर्शन पर अपने विचार रखे तथा उनके विचारों को अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर निशा बौद्ध, अंजूषा, सुनीता आर्य, भारती, भुवनेश्वरी, ललिता रानी, हेमलता, ऊष्मा कशेरवाल, ग्राम प्रधान पति राकेश चौधरी, इन्द्र बंधु शास्त्री, प्रवीण कुमार, सूरजा सिंह, लखपत सिंह, शेर सिंह, दिलेराम सिंह रवि, धर्मवीर सिंह बौद्ध, विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षामित्र शिक्षक संघ की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

## शोषण बर्दाश्त नहीं, साथियों से एकजुट रहने की अपील



**बिजनौर ( चिंगारी )।** शिक्षामित्र शिक्षक संघ जनपद बिजनौर की एक आवश्यक बैठक हल्दौर में मण्डल अध्यक्ष संजीव डबास की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती और शिक्षामित्रों के हितों की रक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि किसी भी शिक्षामित्र साथी का किसी भी स्तर पर शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन हर साथी के साथ खड़ा है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा।

इस अवसर पर अमित चौधरी ने सभी साथियों से संगठन को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने एकजुटता को संगठन की सबसे बड़ी ताकत बताया। बैठक के दौरान मण्डल अध्यक्ष संजीव डबास के अनुमोदन पर हेमेंद्र सिंह (प्राथमिक विद्यालय बाटपुरा, न्याय पंचायत फतेहपुर कला) को ब्लॉक अध्यक्ष हल्दौर तथा रविंद्र कटारिया (प्राथमिक विद्यालय गंगू नगला, न्याय पंचायत सिसौना) को ब्लॉक महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित चौधरी, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, रावेंद्र सिंह, लोकेंद्र सिंह, राखी, हरवेंदर सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोकदल की जम्बो जिला कार्यकारिणी का गठन

## 8 उपाध्यक्ष, 12 महासचिव, 23 सचिव बनाये गये

## जयपाल सिंह चौधरी को जिला कोषाध्यक्ष, संजीव चौधरी को जिला प्रवक्ता बनाया



नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए वरिष्ठ नेता।

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। जिला कार्यकारिणी में ओमपाल कश्यप ग्राम फजलपुर जिलाध्यक्ष, जयपाल सिंह चौधरी ग्राम कान्हा नंगला जिला कोषाध्यक्ष, संजीव चौधरी जिला प्रवक्ता तथा विजय चौहान बिजनौर, पीतम सिंह चौधरी अज्जू नंगली, राजेन्द्र सिंह चौधरी जाफरपुर, अजयपाल सिंह पाल बिजनौर, इस्लामुद्दीन उर्फ बुंदू ग्राम सराय बढ़ापुर, इन्द्रवीर सिंह चौधरी धामपुर, मलकीत सिंह जलीलपुर व पीतम सिंह धारूवाला- सभी उपाध्यक्ष बनाये गये।

सर्वश्री मोहन सिंह कश्यप ग्राम औरंगपुर बसंता, ज्ञानेन्द्र चिकारा करौंदी, राजेश वाल्मीकि धामपुर, डा. विपिन तोमर चांदपुर, ब्रजवीर सिंह आर्य सुआहेड़ी, शेर सिंह सैनी ग्राम दिनौड़ी, विजयपाल राठी श्रवणपुर, शेख अकरम कल्हेड़ी, दुष्यंत प्रधान शाहपुर, डा. समरपाल चौधरी नवादा, सुशील चौधरी बिजनौर, लव कुमार प्रधान ग्राम भौरा बास्टा को महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इनके अलावा 23 सचिव भी बनाये गये हैं।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने की, जबकि संचालन चौधरी अलबेल सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद मुंशीराम पाल, पूर्व विधायक सुखबीर सिंह, वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी, प्रदेश महासचिव नागेंद्र पवार, डॉ. नीरज चौधरी, धामपुर नगर पालिका चेयरमैन रवि कुमार, सरदार बलबीर सिंह, श्रीमती आशू राणा, चंद्रपाल बाल्मीकि, काजी तारिक अली, पंकज चौधरी, धर्मपाल सिंह, हनी तोमर, पूनम चौधरी, वीरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह (प्रधान), राजेंद्र सिंह, पारितोष चंदेल, हरेंद्र तोमर, सबल सिंह, सुबोध कुमार, शीशपाल राठी, अनुराग मलिक, पूर्व चेयरमैन अमर सिंह पम्मी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गौशालाओं में व्यवस्थाएं रखने के निर्देश

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में गौशालाओं के सुव्यवस्थित संचालन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी गौशालाओं में प्रतिदिन सुबह-शाम पानी का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक गौशाला में सीसीटीवी कैमरे लगाकर उन्हें क्रियाशील रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिन गौशालाओं में अतिरिक्त शेड की आवश्यकता है, वहां प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव भेजकर निर्माण कराया जाएं तथा सभी पशुओं की अनिवार्य रूप से ईयर टैगिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जहां अस्थायी गौशाला या गो आश्रय स्थल की जरूरत हो, वहां शीघ्र प्रस्ताव भेजा जाए ताकि निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। साथ ही किसी पशु के बीमार होने पर उसे अलग स्थान पर रखकर समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी गौशालाओं में पर्याप्त भूसा उपलब्ध रखने के निर्देश देते हुए कहा कि जहां कमी हो, वहां बड़े किसानों से समन्वय कर भूसा दान योजना के तहत व्यवस्था की जाए। साथ ही हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा।

# गुरूवाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया



**नूरपुर (चिंगारी)।** ग्राम हसूपुरा में गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश उत्सव को समर्पित द्वितीय महान गुरमत समागम का आयोजन किया गया जिसमें पंजाब से पहुंचे रागी सिंह ने गुरुबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। कीर्तन दरबार में अमृतसर से पहुंचे हजूरी रागी गुरुदेव सिंह, हरदीप सिंह हीरा, दिलविंदर सिंह (काबुल)ने संगत को गुरुबाणी कीर्तन से निहाल करते हुए गुरुबाणी पढ़ने, सुनने, निर्मोही बनने को कहा। गर्मी को देखते हुए छबील का लंगर लगाया गया। ज्ञानी देवेंद्र सिंह ने सरबत के भले वास्ते अरदास की। संचालन ईश्वर सिंह राहुल, कुलदीप सिंह रियाड़ ने किया।

# टाटा कार के शोरूम में घुसकर हंगामा किया, आरोपी हिरासत में

**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित मंगलम ऑटो वर्ल्ड प्रा. लि. (टाटा कार शोरूम) में हंगामा और अभद्रता के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी आकाश तोमर को हिरासत में ले लिया है। घटना 30 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े 9 बजे की बताई जा रही है। आरोप है कि आकाश तोमर अपने साथियों के साथ शोरूम पहुंचा और कथित रूप से शराब के नशे में वहां हंगामा किया। इस दौरान उसने शोरूम में मौजूद एक महिला कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार किया और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना से वहां मौजूद कर्मचारियों और ग्राहकों में दहशत फैल गई। शोरूम प्रबंधन की शिकायत पर कोतवाली शहर थाने में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जांच अधिकारी के अनुसार जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# संविदाकर्मी को सिर में रॉड मारकर घायल किया

**नहटौर (चिंगारी)।** रंजिश के चलते नहटौर पालिका के संविदा कर्मचारी पर कुछ लोगों ने रॉड से हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर घायल कर दिया। बताया जाता है कि ग्राम पाली जाट निवासी नहटौर नगर पालिका में संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। शुक्रवार की देर सायं को अपनी ड्यूटी पूरी कर बाइक द्वारा घर लौट रहा था। नारायणपुर गांव के समीप कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और वह गाली गलौज करने लगे और आरोपियो ने राजन के सिर में लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। राजन का शोर सुनकर ग्रामीणों को आता देख आरोपी फरार हो गए। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल राजन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# हर्षोल्लास से मनाई बुद्ध पूर्णिमा

**बिजनौर (चिंगारी)।** महात्मा ज्योतिबा फुले वेलफेयर सोसाइटी बिजनौर के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास तथा धूमधाम से मनाई गई। सोसाइटी के कार्यालय दयालकुंज बिजनौर में आयोजित बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि तृष्णा ही समस्त दुखों का मूल कारण है। महात्मा बुद्ध ने संसार में व्याप्त दुखों से छुटकारा पाने का मार्ग प्रशस्त किया था। वक्ताओं ने करुणा मैत्री शांति अहिंसा व मानवता का संदेश देने वाले भगवान बुद्ध द्वारा दी गई शिक्षा को अपनाने का सभी मानव मात्र से आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गौतम बुद्ध के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित करके किया गया। इस अवसर




पर राजपाल सैनी, अनिल सैनी, डॉ. शिवराज सैनी, देशपाल सैनी, इंजीनियर अशोक सैनी, ओमवती सैनी, सोसाइटी के अध्यक्ष प्रधान कल्याण सिंह सैनी, देवेन्द्र सैनी आदि उपस्थित रहे।

# अटल कम्युनिटी डे पर कार्यक्रम आयोजित



**झालू (चिंगारी)।** नगर के पी.एम. श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज झालू में अटल कम्युनिटी डे-2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर व आसपास क्षेत्र के विद्यालयों ने प्रतिभाग किया, जिनमें हृदयानंद सार्वजनिक इंटर कॉलेज, झालू स्वामी सच्चिदानंद स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविन्दपुर खारी, फुरकानिया हायर सेकेंडरी विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय झालू एवं पी.एम. श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, झालू के विद्यार्थी शामिल रहे।

इस अवसर पर अध्यापिका सुमित्रा नन्दिनी ने अटल लैब से सम्बन्धित गतिविधियों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। वहीं प्रवक्ता श्रीमती नेहा ने रोबोटिक्स तथा श्रीमती रजनी श्रीवास्तव ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के उद्देश्य, उपयोग, लाभ एवं संभावित नुकसान विषय पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

कार्यशाला को व्यावहारिक रूप से समझाने के लिए ड्रोन, मॉडल, चार्ट एवं अन्य तकनीकी उपकरणों का प्रदर्शन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को विषय को समझने में आसानी हुई।

प्रधानाचार्या श्रीमती चारू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में नवाचार एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# डोल आश्रम में हुआ श्री पीठम स्थापना महोत्सव

**नैनीताल (चिंगारी)।** अल्मोड़ा जनपद के डोल स्थित आश्रम में आयोजित श्री कल्याणिका हिमालय देवस्थानम न्यास के श्री पीठम स्थापना महोत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 1100 कन्याओं का पूजन कर मां राजेश्वरी का अभिषेक एवं पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। डोल आश्रम में आगमन पर मुख्यमंत्री द्वारा आश्रम परिसर में स्थापित श्रीयंत्र एवं यहां संचालित आध्यात्मिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि यहां स्थापित दुनिया के सबसे बड़े श्रीयंत्र को देखकर एक विशेष आध्यात्मिक अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि बाबा कल्याणदास की साधना एवं तपस्या के कारण यह स्थान आज पूरे विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का एक प्रमुख केंद्र बन गया है। साथ ही उन्होंने बाबा कल्याणदास द्वारा वैश्विक स्तर पर आध्यात्मिक चेतना के प्रसार हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आश्रम धार्मिक आस्था, आध्यात्मिक साधना एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहां बड़ी

### मुख्यमंत्री धामी ने किया 1100 कन्याओं का पूजन

संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और चारधाम यात्रा में प्रतिवर्ष बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या प्रदेश में विकसित हो रही बेहतर व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का परिणाम है। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक मोहन सिंह मेहरा, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, जिलाधिकारी अंशुल सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के, मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## 13 को दिव्यांगों के लिए लगेगा निःशुल्क उपकरण शिविर

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के सौजन्य से दिव्यांग जनों की सहायता के लिए एक विशेष पहल के तहत निःशुल्क उपकरण सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। पंचायत सेक्रेट्री इरफान अली मंसूरी से मिली जानकारी के मुताबिक आगामी 13 मई को कासमपुर गढ़ी बस स्टैंड स्थित अफजलगढ़ विकासखंड मुख्यालय परिसर में लगने वाले इस निःशुल्क सहायता शिविर में पात्र दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायता उपकरण देने हेतु उनका चिन्हांकन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों की सहायतार्थ यह निःशुल्क सहायता शिविर प्रातः 11 से दोपहर 3 तक लगेगा।

## दूल्हे की कार से टकराकर बाइक सवार की मौत

**नीन्दडू (चिंगारी)।** कार और बाइक की भीषण टक्कर में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतरा ले जाया गया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने वाहनों को कब्ज़े में ले लिया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवरण के अनुसार शुक्रवार देर सांय धामपुर-नूरपुर मार्ग नीन्दडू स्थित सैनिक पैट्रोल पम्प के पास धामपुर से नूरपुर की ओर जा रही सजी हुई दूल्हे की कार की सामने से तीव्र गति से आ रहे बाइक सवार धामपुर थानांतर्गत ग्राम चाकर पुर निवासी 57 वर्षीय ओमप्रकाश की टक्कर हो गई, जिसमें ओमप्रकाश घायल हो गये। जिन्हें पुलिस द्वारा तुरन्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतरा ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कार सवार चालक सहित मौके से फरार हो गए। कार नगीना क्षेत्र की बताई जा रही है।

## डा. सैयद इजहार अली का इंतेकाल किरतपुर में शोक की लहर



**किरतपुर (चिंगारी)।** नगर के जाने माने डाक्टर सैयद इजहार अली (65 वर्ष) का शुक्रवार की शाम मेरठ के एक अस्पताल में इंतकाल हो गया। डा. सैयद इजहार अली भले चंगे थे, उन्हें अचानक ब्रेन हैमरेज हुआ। परिजनों ने उन्हें मेरठ के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों के अथक प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके अचानक इन्तकाल की खबर सुन कर आखिरी दीदार करने वालों की भीड़ उन के मुहल्ला वलीपुरा बसी स्थित आवास पर लग गयी। डा. इजहार अली इतवार बाजार के पास क्लीनिक चलाते थे। वह बहुत ही मिलनसार तथा धार्मिक प्रवृत्ति के इन्सान थे, गरीबों का इलाज बहुत ही मुनासिब रेट में करते थे। मरहूम डा. इजहार अली मुस्लिम कमेटी, मौलाना मोहम्मद अली जोहर हायर इंस्टीट्यूट, अब्दुल समी ला कालेज तथा मौलवी सुल्तान मेमोरियल हाईस्कूल के एग्जिकेटिव मेम्बर थे। शोक स्वरूप इसकी संस्थानों में अवकाश घोषित कर दिया गया। मरहूम डा. इजहार अली को आज बाद नमाज ए जोहर उनके पैतृक कब्रिस्तान सपुर्दे खाक कर दिया गया।

## नये शेड्यूल से अब रात भर लगातार मिलेगी बिजली

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** 1 मई से मानियावाला बिजली घर क्षेत्र का बिजली आपूर्ति का शेड्यूल बदल गया है। यदि अघोषित विद्युत कटौती न हो तो अब सुबह और दोपहर में 3-3 घंटे की बिजली कटौती होगी और रात में पूरी रात बिजली मिलेगी। यह जानकारी देते हुए 33/11 केवी सब स्टेशन मानियावाला पर तैनात टीजी-2 अनिल यादव ने बताया कि 1 मई से प्राप्त हुए नए शेड्यूल के मुताबिक सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे तक लगातार 3 घंटे और दोपहर 2:30 बजे से तड़के 5:30 बजे तक लगातार 15 घंटे क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति मिलेगी। अर्थात तड़के 5:30 बजे से 8:30 बजे तक लगातार 3 घंटे और सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2:30 तक लगातार 3 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। पावर सप्लाई के समय के दौरान तकनीकी खराबी या जरूरी कारणों के अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति का यह शेड्यूल अग्रिम आदेशों तक जारी रहेगा।

## पैजनिया पुलिस ने क्षेत्र के बैंकों का निरीक्षण किया



**खासपुरा (चिंगारी)।** आज सुबह बैंक खुलने पर पैजनिया चौकी प्रभारी कमलेश यादव ने गांव खासपुरा स्थित बैंकों का निरीक्षण करते हुए बैंक पर मौजूद संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। इस दौरान पुलिस ने एटीएम कार्ड धारकों से भी पूछताछ करते हुए वहां अनावश्यक रूप से खड़े लोगों को हटा दिया। चौकी प्रभारी कमलेश यादव ने दल बल के साथ सबसे पहले स्थानीय उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ब्रांच का निरीक्षण किया। इस दौरान बैंक के बाहर खड़े संदिग्धों से पूछताछ की, संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके फोटो और नाम पते दर्ज कर उन्हें वहां से हटा दिया। इसके अलावा बैंक के अंदर भी अनावश्यक खड़े लोगों से पूछताछ की। साथ ही बैंक की बगल में स्थित एटीएम पर पैसे निकाल रहे लोगों को सचेत रहने की हिदायत की। इसके बाद स्टेट बैंक, जिला सहकारी बैंक की ब्रांच पर भी संदिग्धों की सघन चैकिंग की गई।

## शिवा गंगा क्लीनिंग ट्रस्ट ने लक्ष्मण झूला क्षेत्र से साफ किया 3 टन कचरा

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** शिवा गंगा क्लीनिंग ट्रस्ट ने अपनी स्थापना फरवरी 2026 के बाद एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए लक्ष्मण झूला क्षेत्र से अब तक लगभग 3 टन कचरा साफ किया है। यह सफाई अभियान राम झूला से मोक्ष धाम तक के क्षेत्र में चलाया गया। ट्रस्ट के स्वयंसेवक हर रविवार को एकत्र होकर सफाई अभियान चलाते हैं। वे दस्ताने और थैले लेकर नदी किनारों व आसपास के क्षेत्रों में फैले प्लास्टिक कचरे, शराब की खाली बोतलों, पुराने कपड़ों और सिगरेट के टुकड़ों को इकट्ठा करते हैं। ऋषिकेश में लगातार बढ़ रही पर्यटकों की संख्या के साथ-साथ कचरे की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। गंगा तट, घाट और आसपास के मार्ग इस बढ़ते प्रदूषण का असर झेल रहे हैं। इसी क्रम में ट्रस्ट द्वारा हाल ही में लक्ष्मण झूला स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में एक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों ने प्रदूषण विषय पर चित्र बनाए



और शहर को स्वच्छ रखने के उपायों पर चर्चा की। ट्रस्ट का कहना है कि यह देवभूमि है और गंगा हम सभी की साझा धरोहर है। इसे स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। संस्था ने स्थानीय लोगों, दुकानदारों और पर्यटकों से अपील की है कि वे कचरा इधर-उधर न फेंकें और कूड़ेदान का उपयोग करें। इस अभियान में प्रदीप, क्लेयर, मुस्कान, जयेश, आरती जी, मानव, पुनीत, अनीता जी सहित कई स्वयंसेवक सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। ट्रस्ट ने आम नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा है कि इच्छुक लोग हर रविवार को सफाई अभियान में भाग ले सकते हैं।

# ट्रैक्टर की टक्कर से लगी चोट के कारण विजय सिंह की मौत हुई

## पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार गौसपुर के विजय सिंह की मृत्यु ट्रैक्टर की टक्कर से लगी चोटों के कारण ही हुई है। हालांकि एएसपी (सिटी) का कहना है कि घटना कैसे घटी, इसकी जांच लगातार जारी है।

ज्ञातव्य है कि नांगल थानांतर्गत ग्राम तैय्यबपुर गौरवा उर्फ गौसपुर के निवासी विजय सिंह (65 वर्ष) अपने घर के बाहरी हिस्से में स्थित खुले बरामदे में चारपाई पर सो रहे थे। उनका ट्रैक्टर चारपाई से कुछ दूरी पर बरामदे के बाहर खड़ा था। रात्रि में रहस्यमय ढंग से स्टार्ट हुए ट्रैक्टर ने चारपाई में टक्कर मारते हुए एक दीवार भी तोड़ दी थी। ट्रैक्टर और दीवार के बीच दबकर विजय सिंह की मृत्यु हो गई थी। ट्रैक्टर खुद ही बंद भी हो गया था तड़के के समय जब मृतक की पुत्रवधू पूजा पत्नी सोमेन्द्र घटनास्थल के पास बंधे पशुओं को चारा डालने के लिये बाहर आई थी , तब परिजनों को घटना का पता लगा था। घटना को संदिग्ध मानते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने मृतक के पुत्रों से काफी देर तक पूछताछ की थी। थाने में एसओजी


विजय सिंह का फाइल फोटो

की टीम ने भी उनसे पूछताछ की थी। जबकि मृतक के बड़े पुत्र कामेन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि स्पार्किंग वगैरह की


ट्रैक्टर के पहिये से बरामदे में बना गड्ढा

वजह से ट्रैक्टर स्टार्ट हो जाने के कारण यह घटना घटी है। घटना में किसी का कोई दोष न बताते हुए कानूनी कार्यवाही न किये जाने की मांग की गई थी। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ट्रैक्टर की टक्कर से लगी चोटों के कारण मौत की पुष्टि हुई है। उधर ग्रामीण तथा पुलिस अधिकरी इस घटना को लेकर अचंभित हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार विजय सिंह की मृत्यु एक्सीडेंट के कारण हुई है। लेकिन घटना कैसे घटी, इसकी जांच अभी भी जारी है।

# मौ. सैफ का शानदार स्वागत किया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** इंटरनेशनल मिक्स मार्शल आर्ट में अपने वर्ग में विजेता बनने वाले युवक के ननिहाल में उसका शानदार विजय जुलूस निकाला गया। ग्राम ज्वाली लाला निवासी मौ. सैफ पुत्र मौ. आसिफ ने विगत 26 अप्रैल को सीएमए फाइटिंग लीग द्वारा गाजियाबाद में आयोजित इंटरनेशनल मिक्स मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में लाइट वेट कैटेगरी (70.3 किग्रा) में नेपाल के वीर सोनपाय को हराकर विजेता बनने का सौभाग्य प्राप्त किया था। मौ. सैफ के नाना नजर हसन उर्फ गामा, मामा नईम एवं नसीम नांगल सोती के निवासी हैं। उसके विजेता बनने की खुशी में उसके नाना, मामा द्वारा नांगल में डीजे, ढोलों के साथ शानदार विजय जुलूस निकाला। मौ. साजिद, मौ. फिरोज, हाजी मौ. इफ्राहीम, शकील अहमद सहित काफी ग्रामीण मौजूद रहे।



# अब स्याऊ में ही हो सकेंगे सीजेरियन ऑप्रेशन


फीता काट कर आप्रेशन थियेटर शुभारंभ करते डा मौ जुबैर।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** गर्भवती महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें आप्रेशन से होने वाले प्रसव के लिए प्राइवेट अस्पतालों में जाना नहीं पड़ेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्याऊ में सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा शुरू हो गई है। शुक्रवार को पहले ही दिन एक महिला का सफल आप्रेशन हुआ, जिसमें जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। शुक्रवार को सीएचसी स्याऊ में प्रभारी डा. जुबैर ने फीता काटकर आप्रेशन थियेटर का शुभारंभ किया। डा. जुबैर ने बताया कि आप्रेशन थियेटर में आधुनिक उपकरणों की समुचित व्यवस्था की गई है। गर्भवती महलाओं की डिलीवरी के लिए योग्य चिकित्सकों व प्रशिक्षित नर्सों की व्यवस्था की गई है, जिससे महिलाओं को समय पर उपचार मिल सकेगा। शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम रावटी निवासी गीता पत्नी रविन्द्र सिंह का सफलतापूर्वक आप्रेशन हुआ, जिसमें जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। डा. जुबैर ने क्षेत्रवासियों से सीएचसी स्याऊ शुरू की गई आप्रेशन की सुविधा का लाभ उठाए जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डा. सोनिका, बीसीपीएम गगन कुमार,स्टाफ नर्स अलका, शबनम, अनीता, टेक्नीशियन जानी, स्टाफ नर्स पूजा शर्मा, आशा, रिंकल आदि मौजूद रहे। मालूम हो कि जिन गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी आप्रेशन द्वारा होती है, उन्हें आप्रेशन के लिए प्राइवेट अस्पतालों में जाना पड़ता है, जहां उनसे एक मोटी रकम ली जाती है। सीएचसी स्याऊ में सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा शुरू होने से क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा।

# बोलेरो के टच होने पर ट्रैवलर चालक ने रॉड से हमला किया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ट्रैवलर (मिनी बस) चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने पर पीछे चल रही बोलेरो उससे टच हो गई, तो ट्रैवलर चालक ने लोहे की रॉड निकालकर बोलेरो चालक पर हमला कर दिया। सिर में रॉड लगने से बोलेरो चालक लहूलुहान हो गया। जानकारी के मुताबिक विशाल पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम खाईखेड़ी (नजीबाबाद) पास के गांव श्रवणपुर निवासी अपने दोस्तों की बहिन के घर ग्राम दौलतपुर में बोलेरो गाड़ी से भेली देने जा रहा था। ग्राम जीतपुर के सामने सड़क पर निराश्रित गौवंश आ जाने पर आगे चल रही ट्रैवलर के चालक को इमरजेंसी ब्रेक लगाने पड़े। इस पर पीछे चल रही बोलेरो, ट्रैवलर से टच हो गई। इस मामूली सी बात पर ट्रैवलर चालक ने लोहे की रॉड निकालकर विशाल पर हमला कर दिया। सिर में रॉड लगने से विशाल लहूलुहान हो गया। रॉड मारकर ट्रैवलर चालक गाड़ी को वहीं छोड़कर भाग गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ट्रैवलर को खिंचवाकर थाने ले आई और विशाल को मेडिकल परीक्षण के लिये समीपुर (नजीबाबाद) भिजवाया।

# भगवान बुद्ध का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प



**चांदपुर ( चिंगारी )।** न्यू लाइट पब्लिक स्कूल, चांदपुर में बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध के शांति, करुणा और अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। स्कूल में रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता एवं शीबा परवीन के संचालन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गौतम बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि अरविंद कुमार केशरवाल राष्ट्रीय महासचिव आभास महासंघ मिशन 24 कैरट (कांशीराम बहुजन मूवमेंट) ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान बुद्ध के शान्ति, करुणा और अहिंसा के सन्देश को भारत देश के जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में गौतम बुद्ध के बताये मार्ग पर चलकर मानवता, प्रेम और सद्भावना का दीप प्रज्वलित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मौ. शादान, मौ. साहिल, हिफ्जुल रहमान, मौ. कैफ, मौ. असद, अखलद, मौ. चांद, आहद, रय्यान, गुल्नाज, अलीना परवीन, एतिसा, अक्शा, शाहीन, आयत महक, ,शावेज, आरिश, शारिक,अमान, आहिल, अरहान, साद आदि मौजूद

# बुद्ध पूर्णिमा पर बच्चों ने पेश किये सांस्कृतिक कार्यक्रम


प्रतियोगिता के पुरस्कृत बच्चे , आयोजक एवं सहयोगी।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा पर संत शिरोमणि गुरु रविदास धर्मशाला , कामराजपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम आयोजक/संचालक, डा. नितिन कुमार संघमित्र ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को भगवान बुद्ध की मूल शिक्षाओं-करुणा, समता, मैत्री और प्रज्ञा से जोड़ना तथा बच्चों में शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के प्रति प्रेरणा उत्पन्न करना था। इस अवसर पर विगत 26 अप्रैल को आयोजित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी और निबंध प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर बच्चों ने गीत, भाषण और नृत्य आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, इटावा के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. बृजेन्द्र कुमार सिंह ने बच्चों से अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने और जीवन में निरंतर उन्नति करने का आहवान किया। आयोजन में मा. अखिलेश कुमार, रोहिताश सिंह, मोनू कुमार, दीपक कुमार, ओमपाल सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह दिव्यांग आदि का सहयोग रहा। बौद्ध संत भंते संघरत्न , बौद्धाचार्य राकेश मोहन भारती भी उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में राहत की ठंडी छांव : बिजनौर पालिका ने शुरू किया 'कूल रूम'

## राहगीरों, महिलाओं और बच्चों को मिली सुकून भरी सांस, चेयरपर्सन इंदिरा सिंह की पहल की हो रही सराहना

**बिजनौर ( चिंगारी )।** चिलचिलाती धूप और तपती सड़कों के बीच जब हर कदम पर गर्मी की मार झेलनी पड़ रही हो, तब थोड़ी सी ठंडी छांव किसी वरदान से कम नहीं लगती। इन दिनों भीषण गर्मी के चलते बाजारों में खरीदारी या अन्य जरूरी कामों से निकलने वाले लोगों खासतौर पर महिलाओं, बच्चों और ग्रामीण इलाकों से आने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पसीने से तरबतर लोग बस एक ऐसे कोने की तलाश में रहते हैं, जहां कुछ पल बैठकर राहत की सांस ली जा सके। लेकिन सवाल हमेशा यही रहता था- आखिर आराम करें तो कहां?

इसी जरूरत और तकलीफ को महसूस करते हुए नगर पालिका परिषद बिजनौर की संवेदनशील चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने पालिका कार्यालय के मुख्य गेट के पास सड़क किनारे व शास्त्री चौक पर बिजनौर क्लब के बाहर अस्थायी 'कूल रूम' बनवाकर राहगीरों को राहत देने का प्रयास किया है।







कपड़े की चादरों से तैयार किए गए इन दोनों विशेष कक्षों में आधा दर्जन से अधिक आरामदायक सोफे लगाए गए हैं, ताकि थके-हारे लोग कुछ देर बैठकर सुकून पा सकें। कमरे में ठंडी हवा के लिए बड़े कूलर लगाये गये हैं, जो तपती गर्मी के बीच ठंडक का एहसास कराते हैं। वहीं, ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए मिट्टी के आधुनिक घड़े भी रखे गये हैं, जो लोगों की प्यास बुझाने के साथ उन्हें ताजगी देते हैं। नगर पालिका की ओर से इस तरह की व्यवस्था पहली बार की गई है, जिसने लोगों के दिलों को छू लिया है। बाजार आने वाले लोग इन 'कूल रूम्स' को किसी राहत केंद्र से कम नहीं मान रहे। कई राहगीरों ने इन्हें 'गर्मी में उम्मीद की छांव' बताया।

इस मानवीय पहल के लिए चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह की हर ओर सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह जनप्रतिनिधि जनता की छोटी-छोटी जरूरतों को समझते रहें, तो शहर में रहने का अनुभव कहीं अधिक सहज और सुखद हो सकता है।

## रेडियो संदेश बिजनौर ने केपीएस इंटर कॉलेज की छात्राओं को HPV वैक्सीन लगवाने को जागरूक किया




**बिजनौर ( चिंगारी )।** रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 ने HPV यानि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के टीके के संबंध में विस्तार से बताया। कार्यक्रम संयोजक शबाना बेग ने छात्राओं को बताया कि HPV वैक्सीन एक कैंसर निवारक टीका है जो कैंसर पैदा करने वाले HPV वायरस से सुरक्षा प्रदान करता है, जो मुख्य रूप से सर्वाइकल (बच्चे दानी के मुंह का कैंसर) से बचाव करता है उन्होंने बताया कि यह एक एंटी वायरल वैक्सीन है, जो HPV संक्रमण को रोकता है एवं 9 से 14 वर्ष तक की कन्याओं के लिए अधिक प्रभावी है परंतु अन्य उम्र की महिलाएं भी इस वैक्सीन सुरक्षात्मक हेतु लगवा सकती हैं, 90 प्रतिशत से अधिक महिलाओं में कैंसर की बीमारी को रोकने में प्रभावी रहा है। 15 वर्ष से कम उम्र की कन्याओं को 6 से 12 महीने के अंतराल पर दो खुराक दी जाती हैं और 15 वर्ष ऊपर की उम्र वाली महिलाओं को तीन खुराक डॉक्टर की सलाह से दी जाती हैं। इस अवसर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता गुप्ता ने छात्राओं को जागरूक करने हेतु रेडियो संदेश टीम के सदस्य सुनील भारद्वाज एवं शबाना बेग का आभार व्यक्त किया।

## ब्रह्माकुमारी दीदियों ने कलश यात्रा निकाल कर नवनिर्मित आश्रम में किया प्रवेश

**नगीना ( चिंगारी )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के आश्रम एवं सेवा केंद्र का रामलीला बाग स्थित वैष्णों विहार कॉलोनी में प्रकाश कुंज भवन का शुक्रवार को शुभारंभ हो गया। आश्रम में प्रवेश से पहले विश्वविद्यालय से जुड़ी दर्जनों ब्रह्माकुमारी दीदियों ने कलश यात्रा निकालकर व भव्य कार्यक्रम आयोजित कर नए आश्रम में प्रवेश किया। नगीना-धामपुर मार्ग स्थित नगर की वैष्णो विहार कालोनी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नए आश्रम एवं सेवा केन्द्र के शुभारंभ एवं प्रवेश के अवसर पर कलश यात्रा निकालकर ब्रह्माकुमारी दीदियों ने भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़ी उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश की दीदियों व भाईयों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमार सुशील, देहरादून से मंजू दीदी, हरिद्वार से मीना, भाई दिनेश कुमार व मीनू दीदी, ऋषिकेश से आरती दीदी, नहान से रमा दीदी, रुड़की से गीता दीदी, नजीबाबाद से शालू दीदी, केन्द्र संचालित शेफाली दीदी, सुधीर, दयाराम, जय शर्मा समेत बड़ी संख्या में भाई व दीदी मौजूद रहीं। आश्रम में प्रवेश एवं कार्यक्रम के बाद सभी को भोग प्रसाद का वितरण किया गया।









# आईएचएमएस के 10 छात्रों का फाइव स्टार होटल में चयन

## कॉलेज में हुआ कैंपस प्लेसमैन्ट सलेक्शन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कोटद्वार में बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (बीएचएम) कोर्स में, अंतिम वर्ष की शिक्षा ले रहे 10 छात्रों का देश के जाने माने पांच सितारा होटल रेडशन ब्लू टॉवर्स में चयन हुआ है। नौकरी मिलने पर छात्रों और उनके परिजनों में खुशी का माहौल है।

बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित आईएचएमएस कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने बताया कि कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट सेलेक्शन के तहत गत दिनों रेडशन ब्लू टॉवर्स कोशाम्बी दिल ?ली एनसीआर के सीनियर एचआर मैनेजर ने अलग-अलग राउंड में बीएचएम के छात्रों का साक्षात्कार लिया। जिसके बाद छात्र आयुष जोशी, तुषार बिष्ट, आशीष रावत, अंश बिष्ट, सुमित सिंह पटवाल, शिवम गुसाईं, शांतनु नेगी, अनूप भंडारी, नितिन और शुभम का चयन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा ने बताया कि कॉलेज में क्षेत्र के युवाओं की बेहतरीन शिक्षा के लिए आधुनिक शिक्षा प्रणाली विकसित की गई है। जिसके कारण भारत सरकार की एजेंसी नेशनल एसेसमेंट काउंसिल (नैक) ने उन्हें बी ग्रेड की मान्यता दी है।



# कण्वघाटी महाविद्यालय में हुआ कैरियर काउंसलिंग का आयोजन

## छात्रों को विभिन्न रोजगार विकल्पों की जानकारी दी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में छात्रों के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को सरकारी, निजी और स्वरोजगार के क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन कैरियर एवं काउंसलिंग प्रकोष्ठ की पहल पर प्राचार्य हरिश्चन्द्र की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम संयोजक उषा सिंह ने छात्रों को विभिन्न रोजगार विकल्पों की जानकारी दी। डा. विनय देवलाल ने छात्रों को स्वयं का विश्लेषण करने, अपनी क्षमताएं पहचानने और प्रतिदिन समाचार-पत्र पढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि समाचार-पत्रों में समय-समय पर विभिन्न विभागीय रिक्तियों की सूचनाएं प्रकाशित होती रहती हैं, जिसका छात्रों को लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर इंदू मलिक, कविता अहलावत और दीप्ति मैठाणी सहित समस्त छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# भगवान बुद्ध के विचारों को आत्मसात करना ज़रूरी

**कोटद्वार( चिंगारी )।** पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी व पूर्व कोटद्वार नगर निगम महापौर हेमलता नेगी ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश व क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी। यहां जारी एक बयान में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि भगवान बुद्ध ने संसार को सत्य, अहिंसा, करुणा, मध्यम मार्ग और आत्मअनुशासन का संदेश दिया। उनका दर्शन केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक और मानवीय जीवन के संतुलन का भी मार्ग है। वहीं पूर्व महापौर हेमलता नेगी ने कहा कि वर्तमान समय में समाज में शांति, सहिष्णुता और सद्भाव स्थापित करने के लिए भगवान बुद्ध के विचारों को आत्मसात करना आवश्यक है।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# स्टोन पेंटिंग में उषा गुसाईं ने पाया प्रथम स्थान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम में चित्रकला परिषद के तत्वावधान में आयोजित स्टोन पेंटिंग के विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विभाग प्रभारी डॉ. विनोद सिंह ने बताया कि स्टोन पेंटिंग प्रतियोगिता में उषा गुसाईं ने पहला, हर्षिता ने दूसरा और स्मृति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं कामिनी नैथानी एवं खुशी को सांत्वना पुरस्कार मिला। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. डॉ. डी. एस. नेगी ने समस्त छात्र-छात्राओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया।

# स्कूल में हुआ 'कानून की पाठशाला' का आयोजन

## विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन का संदेश दिया




**कोटद्वार( चिंगारी )।** यहां एक स्कूल में आयोजित 'कानून की पाठशाला' में पुलिस उपाधीक्षक निहारिका सेमवाल ने छात्रों को नशामुक्त जीवन, सुरक्षित इंटरनेट सड़क सुरक्षा का संदेश दिया, बच्चों को सुरक्षा की जिम्मेदारी और सीख मिली। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक निहारिका सेमवाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए नशा उन्मूलन, साइबर सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं गलत संगत से दूर रहने की प्रेरणा दी। साथ ही साइबर अपराधों जैसे आनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओपीडी साझा करने के खतरे, संदिग्ध लिंक से बचाव तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने के छात्रों के प्रश्नों का भी उत्तर दिया। इस अवसर पर साइबर सेल के प्रभारी उपनिरीक्षक कमलेश शर्मा ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के नवीन तरीकों एवं उनसे बचाव के उपायों से भी अवगत कराया।

# डीएम ने गाड़ीघाट स्थित राष्ट्रीय खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया

## इस दौरान कहीं नहीं मिली सफाई जिस पर उन्होंने नाराज़गी जताई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने गाड़ीघाट स्थित स्व. शशिधर भट्ट राजकीय खेल स्टेडियम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कमियां पाये जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिये।

इस दौरान बॉक्सिंग एवं टेबल टेनिस हॉल का अवलोकन करते हुए उन्होंने पाया कि फ्लोरिंग, दीवारों एवं जालियों की स्थिति ठीक नहीं है। इस पर उन्होंने जिला खेल अधिकारी को शीघ्र डीपीआर तैयार कर मरम्मत कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। स्टेडियम परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित स्वच्छता कर्मचारी को हटाने के निर्देश दिए। कहा कि एक सप्ताह के भीतर समुचित स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्वच्छता व्यवस्था में सुधार नहीं पाया गया तो संबंधित टेंडर निरस्त कर दिया जाएगा। हॉस्टल एवं डाइनिंग हॉल का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने साफ-सफाई की खराब स्थिति पर हॉस्टल वार्डन का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने वॉलीबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट एवं हॉकी मैदान का निरीक्षण किया गया। बैडमिंटन कोर्ट में टूट-फूट एवं वेंटिलेशन की कमी पाए जाने पर मरम्मत एवं सुधार के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार नहीं किया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्रावास में रहने वाले खिलाड़ियों से संवाद कर उनकी समस्याएं, सुझाव एवं फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने उनके भोजन, पढ़ाई, पुस्तकें आदि सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और सुधार के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी संदीप कुमार, अधिशासी अभियंता आरडब्ल्यूडी श्रीपति डोभाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी जयबीर सिंह रावत, जिला युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र फोनिया, प्रभारी तहसीलदार राजेंद्र सनवाल सहित अन्य अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।



रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**


//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc. I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701